# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 234 । भोपाल, गुरुवार 24 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

## सार-समाचार

### पूर्वोत्तर में लागू विशेष प्रावधानों में बदलाव का इरादा नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष बुधवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू विशेष प्रावधानों में किसी भी तरह का बदलाव का उसका कोई इरादा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अस्थायी प्रावधान पर चर्चा में इसका कोई भी संदर्भ 'संभावित शरारत' हो सकता है।

### हिमाचल की तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर अभूतपूर्व तरीके से टूटा है और वहां के लोगों का जीवन तबाह हो गया है इसलिए केंद्र सरकार हिमाचल की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर वहां के लिए 10000 करोड़ रुपए का पैकेज जारी करें। कांग्रेस के हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हिमाचल में हर तरफ बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि उसका अंदाज नहीं लग जा सकता।


### पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को मिली जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के सनसनीखेज मनसुख हिरन हत्या मामले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त हाई-प्रोफाइल मुंबई पुलिस अधिकारी और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका बुधवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता शर्मा को जमानत देने का आदेश पारित किया। अदालत ने इससे पहले उन्हें अपनी बीमार पत्नी और वृद्ध मां की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

## भारत ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

# चांद पर उतरा चंद्रयान-3

### चांद के दक्षिणी ध्रुव उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत






**प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं: एस सोमनाथ, डायरेक्टर, इसरो**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसरो के चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर उतरने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा- अब चंदामामा दूर के नहीं। इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।

### विक्रम व प्रज्ञान पृथ्वी पर भेजेंगे फोटो

अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। चंद्रयान मिशन को ऑपरेट कर रहे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी ढ्ढस्क्रह्र ने चंद्रयान को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया था। 41वें दिन चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की प्लानिंग की गई।

### चंद्रयान-3 की सफलता पर देशभर में जश्न

चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद से देशभर में जश्न मनाया गया। चंद्रयान की लैंडिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराया। गुजरात के सूरत में एक स्कूल के बच्चे खुशी से डांस करने लगे। बेंगलुरु में इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर में वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

### प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों व देशवासियों को दी बधाई

## यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं।

### भारत की अद्भुत सफलता



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम करते हुए इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियर्स और इसरो की पूरी टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संदेश में कहा है कि हमने चाँद को छू लिया। यह पल इतिहास के पन्नों में अमर हो गया है। आज का दिन आजादी का अमृत काल है। आज भारत की दुनिया में श्रेष्ठता का दिन भी है। भारत की यह अद्भुत सफलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्पेस मिशन के संकल्प ने भारत को यह दिन दिखाया है। करोड़ों भारतवासियों ने चन्द्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग को देखा है। मैंने भी दमोह में एक लाख लाड़ली बहनों और साथियों के साथ इस लैंडिंग को देखा। सभा में उपस्थित सभी नागरिक आनंद, उल्लास और प्रसन्नता से झूम गए। उन्होंने कहा कि भारत की इस सफलता के लिए पूरा देश गर्व से भरा हुआ है।

### नासा, ईएसए ने भारत को बधाई दी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर बधाई दी है। इसरो के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में चंद्रयान-3 मिशन ने बुधवार को इतिहास रच दिया, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई! और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर भारत को बधाई। हम इस मिशन में आपका भागीदार बनकर खुश हैं!' यूके स्पेस एजेंसी ने कहा, इतिहास बन गया! इसरो को बधाई।' चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। लैंडिंग के साथ, 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान -3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है। शेष भाग चंद्रमा रोवर है जो लैंडर से नीचे लुढ़क रहा है, चारों ओर घूम रहा है और प्रोग्राम किए गए प्रयोग कर रहा है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने एक्स पर कहा, अविश्वसनीय! इसरो, चंद्रयान-3 और भारत के सभी लोगों को बधाई!! उन्होंने कहा, नई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और किसी अन्य खगोलीय पिंड पर भारत की पहली सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने का यह कैसा तरीका है।' इस प्रक्रिया में ईएसए के समर्थन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एजेंसी महान सबक सीख रही है और महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान कर रही है।'

# मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरा, 26 की मौत



**आइजोल, एजेंसी।** मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्रालय ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।

### रेल मंत्रालय ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

#### अनुग्रह राशि का किया ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री वर्तमान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएम एनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### शहडोल में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित, बोले- सबसे पहले बच्चों की पढ़ाई की चिंता है

# साढ़े 7 हजार से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क स्कूटी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीवन में उपलब्धि और सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत जरूरी है। कोई भी विद्यार्थी पैसे के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की है। यह बात उन्होंने शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने इस कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 2022-23 में प्रथम स्थान पाने वाले 7 हजार 790 विद्यार्थियों को स्कूटी खरीदने के लिए राशि प्रदान की। श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप शहडोल संभाग के 6 विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी सौंपी साथ ही विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वह स्कूटी चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहडोल को नगरपालिक निगम बनाने की घोषणा की, कहा जल्द ही शहडोल में नगरपालिक निगम स्थापित होगा, एक और महाविद्यालय का शुरू किया जाएगा जबकि एयरपोर्ट का भी यहां शीघ्र निर्माण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में उद्योग स्थापना और निवेश को गति मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा जल्द ही शहडोल से नागपुर की सीधी रेल सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' के प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल स्थापित हुए। विश्व स्तरीय मापदंड और सुविधाओं वाले सीएम राइज स्कूलों का निर्माण हो रहा है। विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी तक उपलब्ध कराई जा रही है।

### शहडोल को मिली नगरपालिक निगम, एयर पोर्ट तथा एक और महाविद्यालय की सौगात

मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा परिसर विचारपुर में 6 करोड़ 43 लाख रुपए लागत से बनी एशिया की सबसे बड़ी आईएससी प्रमाणित स्पोटर्स क्लाइम्बिंग वॉल का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके साथ ही 96 करोड़ 62 लाख रूपए के कार्यों का भूमि-पूजन किया तथा 6.43 करोड़ रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल, सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, क्षेत्रीय विधायकगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंद्रयान-तीन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा वैज्ञानिकों को बधाई दी।




### इंदौर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी पहले स्थान पर

**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने 5वां, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है। पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता के लिए बधाई दी है। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने बताया कि 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के सागर को 188.02 अंकों के साथ देश में 10वां स्थान मिला है। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास ने 180 अंकों के साथ देश में 6वां स्थान प्राप्त किया है। गत वर्ष देवास ने 200 में से 175.05 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया था। इंदौर को 200 में से 187, भोपाल को 181, जबलपुर को 172 और ग्वालियर को 114 अंक हासिल हुए हैं। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रथम पांच में से तीन पुरस्कार मध्यप्रदेश के खाते में गये हैं। इंदौर को पहला, आगरा को दूसरा, ठाणे को तीसरा, श्रीनगर को चौथा और भोपाल को 5वां स्थान मिला है।



## सार समाचार

### पानी पीने के नाम पर घर में घुसे युवक ने अकेली लड़की से छेड़छाड़

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम मुहांसा में घर में अकेली नाबालिग लडक़ी के साथ गांव के ही एक युवक ने बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने फरियादी बालिका की शिकायत पर आरोपी छेड़छाड़ सहित पक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुहांसा निवाी 17 वर्षीय नाबालिग लडक़ी गत शाम घर में अकेली थी। इस दौरान उसके माता-पिता मजदूरी करने एवं छोटे भाई खेलने गए थे। शाम 5 बजे के करीब गांव का सुजीत पुत्र रतन सिंह रघुवंश उसके घर के आंगन में आया और पानी मांगने के नाम पर बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। इस दौरान नाबालिग किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर भागी। बाद में माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी सुजीत के खिलाफ धारा 354, 7/8 पक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### रात के अंधेरे में बेचते थे चोरी की मुरम, 2 आरोपी सहित पकड़े ट्रेक्टर-ट्रॉली

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत पुलिस द्वारा रात के अंधेरे में मुरम चोरी कर बेचने जा रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी चालक को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार तडक़े बीनागंज पुलिस चौकी के जवानों ने गश्त के दौरान गोया रोड क्रबिस्तान के पास से बीजनीपुरा तरफ से आ रहे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली को देखा। जो पुलिस को देखकर मुडक़र भागने लगे। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 67 एए 7298 एवं एमपी 08 एसी 2033 को रोककर चालकों को पकड़ा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम राजकुमार प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला बीनागंज तथा संजू सेन निवासी कुम्हार मोहल्ला बताया। जिन्होंने ट्रॉली में भरी मुरम बीजनीपुरा के पठार से चोरी करके बेचने के लिए रात्रि चोरी छिपे ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर बंजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जप्त कर पुलिस चौकी में खड़ा करवाया। पुलिस ने आरोपी चालकों पर धारा 379, 414, 53 मप्र गौड़ खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### शांतिकुंज हरिद्वार में 3 दिवसीय युवा प्रकोष्ठ शिविर आयोजित, जिले से प्रतिनिधि हुआ शामिल

**गुना, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ का तीन दिवसीय चिंतन शिविर हरिद्वार में संपन्न हुआ। जिसमें गुना के अलावा आसपास से गायत्री परिवार के युवा शामिल हुए। शक्तिपीठ के सुनील सेन ने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्म दिवस, एवं अखंड दीपक के 100 वर्ष 2026 में होने पर युवाओं का चिंतन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गुना जिले से सुरेंद्र प्रजापति, सुनील सेन आदि सम्मिलित हुए। शिविर में प्रत्येक जिले से 100 युवा शक्तिपीठ के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में सौंपने का निर्णय लिया गया। गुना सहित मप्र के प्रत्येक जिले से भावनाशील साधक और प्रतिभा परिष्कृत भाई बहनों का विधिवत विस्तृत विवरण फार्म भरा जाएगा। तत्पश्चात इन 100 युवाओं को सदस्यता आईडी शांतिकुंज हरिद्वार युवाओं के माध्यम से दिया जाएगा।

### डॉक्टर बोला, पैसे मांगे तो पति ने क्लीनिक में की तोडफ़ोड़

# इलाज कराने गई महिला के साथ झोलाछाप डॉक्टर ने की छेड़छाड़

**▶ राघौगढ़ थाने में दर्ज हुआ उभयपक्षीय मामला**

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थानांतर्गत बरवटपुरा में एक झोलाछाप डॉक्टर एवं उसके भाई ने ईलाज कराने आई महिला के साथ इंजेक्शन लगाने के दौरान छेड़छाड़ कर दी। मामला तूल पकड़ा तो बाहर खड़े महिला के पति और सास ने क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस थाने पहुंचकर महिला ने आरोपी झोलाछाप डॉक्टर एवं उसके सहायक भाई पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपी डॉक्टर का कहना है कि उसने ईलाज के पैसे मांगे तो महिला के पति ने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट की और क्लीनिक में तोडफ़ोड़ की। इस मामले में डॉक्टर ने भी महिला के पति पर मारपीट एवं तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राघौगढ़ निवासी 19 वर्षीय विवाहिता मंगलवार रात 9:30 बजे के करीब पेट दर्द के बाद अपने पति एवं सास के साथ बरवटपुरा स्थित डॉ.धर्मवीर सिंह सोलंकी की क्लीनिक पर इलाज कराने गई थी। यहां डॉक्टर का सहायक उसका भाई बलवीर सोलंकी भी था। इस दौरान डॉ. धर्मवीर ने महिला के हाथ में इंजेक्शन लगाया, जो सही से नहीं लगा। जिस पर डॉक्टर ने उसे बेड पर लिटाकर पेट चैक करने के नाम गलत हरकत करने लगा। जिस पर महिला ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद इंजेक्शन लगाने के नाम पर फिर डॉ. धर्मवीर एवं उसके भाई जानबुझकर गंदी नियत से उसके छेड़छाड़ की। जिसके बाद महिला चिल्लाकर बाहर आ गई। मामला तूल पकड़ा तो महिला के पति और सास ने क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया और दोनों पक्षों के बीच झूमाझटकी हुई। बाद में महिला ने अपने परिजनों के साथ राघौगढ़ थाने पहुंचकर आरोपी डॉक्टर तथा उसके भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

वहीं इस मामले में डॉक्टर ने भी महिला के पति और एक अज्ञात पर मारपीट, तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज कराया है। डॉक्टर धर्मवीर सोलंकी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात्रि को उसके कल्याणी होम्यो क्लीनिक पर एक महिला अपने पति के साथ आई थी। इस दौरान उसने महिला का ईलाज करना शुरू किया, लेकिन इलाज नहीं हो पाया। लेकिन उसके द्वारा इलाज करने के लिए जो बोलत में इंजेक्शन डाले थे उसके 150 रुपए जब डॉक्टर ने मांगे तो महिला और उसका पति कहने लगा कि जब ईलाज नहीं कराया तो कैसे पैसे? इसी बात को लेकर महिला के पति ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर क्लीनिक में तोडफ़ोड़ की। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर आरोपी पति पर मारपीट, तोडफ़ोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## घर की दीवार तोड़कर घुसे चोर, सोना-चांदी सहित ले गए नगदी



**▶ मामला चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ी माफी का**

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ी माफी में एक घर के कमरे की चोरों ने पीछे से दीवार तोडक़र सेंधमारी कर दी। अज्ञात चोर रात को दीवार को फोडक़र कमरे में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ले गए। फरियादिया इंदराबाई माली ने बताया कि उनके घर के पीछे वाले कमरे में ताला लगा हुआ था। जिसमें अनाज के साथ-साथ जेवरात एवं नगदी पैसे रखे हुए। गत रात्रि अज्ञात चोर घर के पीछे कमरे की दीवार में छेद कर घुसे और कमरे में रखी तीन किलो चांदी, डेढ़ तौला सोना सहित 44 हजार रुपए नगदी ले गए।

इस दौरान चोरों ने कमरे के अंदर कुंदी लगा दी। जब फरियादिया सुबह उठी तो कमरे का गेट नहीं खुला। जिसके बाद वह अपने देवर को बुलाने गई। जब पीछे जाकर देखा तो कमरे की दीवार में बड़ा छेद देखकर परिजनों को यह समझने में देर नहीं लगी कि चोर अपना खेल दिखा गए।

इस दौरान गेट तोडक़र खोलने पर पेटी सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा। परिजनों के अनुसार घर से थोड़ी दूर खेत पर चोर खाली बैग, अटैची एवं पहनने के कपड़े आदि छोड़ गए। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों पर धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया है।

### लीनेस क्लब ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



**गुना, देशबन्धु।** लीनेस क्लब गुना सिटी ने चिंताहरण मंदिर के पास, एबी रोड पर स्थित राइजिंग कॉन्वेंट स्कूल में चित्रकला एवं रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों को रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर आधारित चित्र में रंग भरने को दिया गया। साथ ही बड़े बच्चों को चित्र बनाने के लिए विषय दिए गए। इस मौके पर प्रदूषण मुक्त हो हमारा देश, रिमूव पॉलीथिन, स्वतंत्रता दिवस, पानी बचाओ आदि विषयों पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर चित्र बनाए। बच्चों को तीन आयु वर्ग में विभाजित किया गया। सीनियर वर्ग चंद्रेश नायक प्रथम, काजल अहिरवार द्वितीय एवं राधिका बैरागी ने तृतीय पुरस्कार जीता। जूनियर वर्ग में हर्ष अहिरवार प्रथम, अंशुल लोधा, द्वितीय एवं आरती पटेलिया तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर वर्ग के अंतर्गत सानिध्य यादव प्रथम, अविरल यादव द्वितीय एवं लक्ष्मी अहिरवार तृतीय पुरस्कार की विजेता बनी। अंशु धाकड़, नम्रता धाकड़ तथा उदय बैरागी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। स्कूल के सभी बच्चों को बिस्कुट, टॉफी और आइसक्रीम दी गई। रिमूव पॉलीथिन के अंतर्गत सभी स्टाफ मेंबर्स को कपड़े के थैले बांटे गए। स्कूल की प्रिंसिपल शिखा चौहान ने अपने उद्बोधन में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष पूजा जैन, सचिव नेहा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष सीमा पलिया, लायन राजेश पलिया ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

### सुबह से ही स्कूली बच्चों में था उत्साह

## चंद्रयान चांद पर उतरने की खुशी से झूमे लोग, जमकर हुई आतिशबाजी



**गुना, देशबन्धु।** भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर यान उतारकर दुनिया में इतिहास रचा दिया। इसी के साथ बच्चों से लेकर बड़ों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। चंद्रयान की सफल लैंडिंग का लाईव प्रसारण कार्यक्रम स्कूलों में दिखाया। सफल लैंडिंग के साथ ही बच्चों ने जमकर भारत जिंदाबाद और भारत माता के जयकारे लगाएं। लोगों की निगाहें शाम 6 बजे से ही टीवी पर लग गई। सफल लैंडिंग के साथ ही शहरभर में जमकर आतिशबाजी हुई। इस दौरान चंद्रयान- 3 जैसे-जैसे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह की ओर बढ़ता जा रहा था, वैसे- वैसे लोगों की धडक़नें तेज होती जा रही हैं। वहीं सुबह से ही जहां चंद्रयान की सफल लैंडिंग के लिए दुआएं मांगी जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेशभर में सरकार ने स्कूलों को लाइव प्रसारण देखने के लिए खोलने का निर्देश दिया है, जिससे की गौरांवित करने वाले इस क्षण को बच्चे देख सके। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चंद्रयान का लाईव प्रसारण देखने बड़ी संख्या में छात्र जुटे। इस मौके पर छात्रों ने कहा कि हमें यकीन था कि चंद्रमा पर पहुंचकर हम अपने देश का झंडा फराएंगे। आज देश के लिए गौरव भरा दिन है, जिसका इंतजार था, उस मिशन को हासिल करने का समय आ गया है। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि जो काम रूस, चीन और अमेरिका जैसे देशों ज्यादा पैसे खर्च करके किए हैं, उसे इसरो ने करीब 630 करोड़ रुपए में किया है। आज के इस ऐतिहासिक दिन के लिए हम लोगों में काफी उत्सुकता हैं।

इस अवसर पर गुना सहित प्रदेशभर के सभी स्कूल शाम को खोले गए हैं। इससे कि छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक पल को देखा। वहीं बच्चों के लिए लाइव लिंक भेजे गए हैं। इसके साथ ही स्कूल में टीवी स्क्रीन लगाई गई है, क्योंकि बहुत से छात्र- छात्राओं में इस फील्ड में जाने की जिज्ञासा होती है। ऐसे में उनका हौसला बढ़ेगा। बीते दिनों रूस का मिशन फेल हो गया था। ऐसे में शहरभर में सभी ने प्रार्थना की कि इसमें किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए।

### 91 छात्र छात्राओं को मिली ई स्कूटी

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पॉलिटेक्निक ग्राउंड, शहडोल से मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत प्रदेश की 7800 टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी के लिए 80 करोड़ की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। जिसका लाइव प्रसारण जिला मुख्यालय गुना के उत्कृष्ट विद्यालय गुना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर गुना विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका क्षितिज लुंबा, जिला पंचायत उपा प्रतिनिधि क्षितिज लुंबा, सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय, सचिन शर्मा, भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों ने छात्र छात्राओं को संबोधित कर उनको ई स्कूटी मिलने पर बधाई शुभकामनाएं दी। बता दे की गुना जिले के विभिन्न स्कूलों के टापर छात्र छात्राओं को 91 ई स्कूटी प्रदान की गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सी एस सिसोदिया, राजेश गोयल, आसिफ खान मौजूद रहे।

## मोटर दावा दुर्घटना अधिनियम पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शिवपुरी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय दीपक गुप्ता के निर्देशन में 9 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में आज अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर भवन में जिला न्यायाधीश अर्चना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर मोटर दुर्घटना अधिनियम में हुए नवीन संशोधन के संबंध में कार्यशाला भी आयोजित की गई।

बीमा कंपनी के अधिवक्ता दिलीप गोयल ने मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम में हुए नवीन संशोधन विशेष कर अध्याय 11 और 12 में उल्लेखित प्रावधानों और प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए जैसे ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, नाबालिग द्वारा वाहन न चलने के संबंध में, धारा 161 के तहत मारकर भाग जाने वाले वाहनों से होने वाले पीड़ित पक्षकार को प्रतिकर के संबंध में, बिना हेलमेट के वहां चलाए जाने के संबंध में, दावा अधिकरण की अधिकारिक आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार चढ़ार, जिला अभिभाषाक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र समाधिया, अधिवक्ता आरसी पौराणिक, वीरेंद्र शर्मा, दीवान सिंह रावत, अंकुर चतुर्वेदी, दीपक गुप्ता, गुरदीप कुशवाहा, कुमारी प्रिंसी सोनी, श्रेय शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी सिसोदिया सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### जिला और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 25 को

**शिवपुरी, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 25 अगस्त को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी के नवीन भवन के कांफ्रेंस हॉल के क्रमाक 3 में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।

नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देश दिए है कि चयनित एवं नियुक्त जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उक्त प्रशिक्षण में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विधानसभा क्षेत्र करैरा और पिछोर के मास्टर ट्रेनर्स को तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विधानसभा क्षेत्र पोहरी, शिवपुरी एवं कोलारस के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डिप्लोमा में प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिग शुरू

**शिवपुरी, देशबन्धु।** तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत उत्कर्ष शिक्षण संस्थान शिवपरी छत्री रोड़ स्थित शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में बिना पीपीटी परीक्षा दिए दसवीं के अंकों के आधार पर सीधे ही प्रथम वर्ष सत्र 2023-2024 की, प्रथम व द्वितीय चरण की काउंसलिग के उपरान्त रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिये भाग ले सकते है।

काउंसलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 29 अगस्त तक एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा कर इच्छित संस्था में प्रवेश के लिए 28 अगस्त से 29 अगस्त तक उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें।

कक्षा दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में कक्षा दसवीं के अंकों के आधार पर सीधे ही कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकम्युनिकेशन, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल, इंजीनियरिंग ब्रांच पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 7000149795, 9713546528, 8982520726 पर संपर्क कर सकते हैं।

### धूमधाम से मनाया सज्जन सिंह वर्मा का जन्मदिन



**आष्टा, देशबन्धु।** इस वर्ष भी पूर्व मत्री सज्जनसिंह वर्मा का जन्मदिन नगर में धूमधाम से मनाया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद जाहिद खान गुड्डू ने गरीब बेसहारा महिलाओं को साड़ी, सूट वितरित किए। आयोजन में मुख्य रूप से मप्र कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कैलाश परमार , एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सनव्वर खान,महामंत्री मसूद खान,जगदीश चौहान,राजकुमार मालवीय,प्यारे पटेल जगदीश द्रविड़,जिला जनपद सदस्य कमलसिंह चौहान,घनश्याम जांगड़ा, चेतनसिंह सेमलीबारी,महांमंत्री लोकेंद्र बनवट,महेंद्र सिंह गउखेड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एजाज,पीसीसी मेंबर नरेंद्र भाटी, भैया मुजफ्फर पटेल,बन्ने खां मंसूरी, कार्यकारी अध्यक्ष कमल सेठ,शेख राजा,फारूक पटेल,प्रवक्ता इसराईल मंसूरी,मीडीया प्रभारी शैलेष शर्मा, सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।.इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री वर्मा के दीर्घायु होने की कामना की।

## महिला सशक्तिकरण के साथ ही सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर





**▶ लाड़ली बहना सेना का दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**सीहोर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय लाड़ली बहना सेना का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण हमेशा सरल एवं व्यवहारिक होना चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से समझ सकें और दूसरों को आगे बढ़ने और प्रदेश तथा समाज के विकास में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित करने में लाड़ली बहना सेना की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसके साथ ही लाड़ली बहना सेना लोगों को समाज और सरकार के प्रति उनके उत्तरदायित्व का भलिभांति बोध करा सकती है।

कलेक्टर ने कहा कि लाड़ली बहना सेना महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ ही सामाजिक बदलाव और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और प्रशिक्षकों से कहा कि कलस्टर एवं ग्राम स्तर पर जो प्रशिक्षण दिए जाएंगे, वे बहुत ही सरल भाषा में और एक बार समझने योग्य हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण बोझिल नहीं हो बल्कि रूचिकर होना चाहिए। बैठक में जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रफुल्ल खत्री, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश कुमार यादव, एनआरएलएम के जिला प्रबंधक दिनेश बरफा, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में आज आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्राचार्य डॉ गणेश लाल जैन की अध्यक्षता में करियर गाइडेंस विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गंज बासौदा, जिला विदिशा में पदस्थ एसडीएम विजय राय उपस्थित रहे। साथ ही रिछारिया कोचिंग संचालक रमाकांत रिछारिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमपीपीएससी, यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्राओं को अपनी जिज्ञासाओं को लेकर प्रत्यक्ष रूप से संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जया शर्मा, गणित विभागाध्यक्ष शिवम सक्सेना, ब्रिजेश विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा इस कार्यक्रम का संचालन अक्षय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में तकरीबन 150 से अधिक छात्राओं शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन ए.के. तिवारी ने किया, जबकि राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष राम विकास प्रजापति द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी की तेज

**▶ ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठकों का दौर जारी**



*सीहोर, देशबन्धु। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है।*

*इसी सिलसिले में पार्टी के सीहोर ग्रामीण के मंडलम, सेक्टर, बीएलए सहित कार्यकर्ताओं की बैठक दोराहा में आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।*


*बैठक को कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, सह जिला प्रभारी प्रवीण सक्सेना , जिला अध्यक्ष डा.बलवीर तोमर, कांग्रेस नेता हरपाल ठाकुर, शशांक सक्सेना, राजीव गुजराती, रघुवीर सिंह दांगी, जिला संगठन मंत्री गणेश तिवारी, सहकारी नेता रमेश सक्सेना, संगठन प्रभारी राजाराम कसोटिया, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पटेल, सत्यनारायण भाटी, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, अहमदपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह तवंर, दोराहा ब्लॉक अध्यक्ष कलीम पठान, दोराहा कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार जिला पंचायत सदस्य अनस खान ने भी संबोधित किया ।*

*कार्यक्रम का संचालन द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष कलीम पठान ने किया।*

# राजधानी

## सार समाचार

### डॉ नुसरत मेहदी उर्दू फेस्टिवल में भाग लेने संयुक्त अरब अमीरात जाएंगी



**भोपाल, देशबन्धु।** उर्दू अकादमी की सचिव और अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिनाम शायरा डॉ. नुसरत मेहदी उर्दू फेस्टिवल में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब जाएगीं। 26 अगस्त को यह कार्यक्रम आबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें डॉ. नुसरत मेंहदी ऐसे ही कुछ विषयों पर आधारित विमर्श में भाग लेने के साथ ही वे अंतर्राष्ट्रीय मुशायरे में अपना कलाम पेश करेंगी। आयोजनकर्ता कल्चरल कारवां के संस्थापक व आयोजक सैय्यद सरोश आसिफ़ और हिना अब्बास द्वारा डॉ. मेहदी को भारत की उन उल्लेखनीय महिलाओं में शुमार करते हुए आमंत्रित किया गया है, जो पारंपरिक लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती देती हैं साथ में महिलाओं के अधिकार और सामर्थ्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं । श्री आसिफ ने बताया कि वह साहित्यिक, सांस्कृतिक व अन्य कई क्षेत्रों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं व उपलब्धियों से सम्पूर्ण स्त्री जगत को प्रेरित करती हैं।

### महिला सम्मेलन 27 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने एवं महिलाओं की हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी लाभ के लिए लाडली बहना सेना का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 27 अगस्त को जम्बूरी मैदान में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों के साथ बृहद महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। महिला सम्मेलन के लिए आयुक्त महिला एवं बाल विकास ने निर्देश दिए है कि जिले से प्रतिभागियों एवं कार्यक्रम के लिए ऐसी महिला प्रतिभागियों का चयन किया जाये जो च्मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही हों तथा लाडली बहना सेना की सदस्य भी हों।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय डाक विभाग ने फिलैटली छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कक्षा 6टीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। जिसमें कक्षा 6वीं से कक्षा 9वीं तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि 6 हजार रूपये एक वर्ष के लिए होगी। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट अथवा संबंधित प्रवर अधीक्षक डाकघर, अधीक्षक डाकघर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने आरक्षक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## देर रात दुकान बंद कराने पहुंचा था आरक्षक, आरोपियों में बर्खास्त थानेदार भी शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर चौराहे पर शराब दुकान के तीन कर्मचारियों ने मंगलवार रात डायल 100 पर तैनात एक पुलिस आरक्षक और वाहन चालक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। आरोपियों ने आरक्षक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पुलिसकर्मी का कसूर सिर्फ इतना था कि वह रात साढ़े बारह बजे तक खुली शराब दुकान को बंद कराने पहुंचा था। इस हमले में आरक्षक के हाथ में गंभीर चोट आई है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों में पुलिस का एक बर्खास्त थानेदार भी शामिल था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

अयोध्या नगर थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने बताया कि 42 वर्षीय आरक्षक कल्याण सिंह अयोध्या नगर थाना में पदस्थ हैं और इन दिनों एफआरवी डायल 100 पर तैनात हैं। मंगलवार रात वह वाहन चालक अजय के साथ गशत पर थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि अयोध्या नगर चौराहे पर स्थित शराब दुकान खुली है और कुछ लोग वहां पर शराब पी रहे हैं। इस सूचना के बाद रात करीब साढ़े बाहर बजे आरक्षक कल्याण सिंह मौके पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने शराब दुकान के कर्मचारी अमित पांडे, अजीत द्विवेदी और सचिन शांडिल्य शराब पीते हुए मिले। यह देख आरक्षक ने उन्हें शराब पीने से रोका और शराब दुकान बंद करने को कहा। इसी बात से नाराज सचिन, अजीत और अमित ने आरक्षक और वाहन चालक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। इस मारपीट में दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों घायलों को जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से आरक्षक को हाथ और सिर में गंभीर चोट होने के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में सचिन, अजीत, अमित के साथ ही बर्खास्त थानेदार पुष्पेंद्र सेंगर को भी आरोपी बनाया है। चूंकि पुष्पेंद्र शराब कंपनी में काम कर रहा है। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अजीत द्विवेदी और सचिन शांडिल्य को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब अन्य आरोपियों तलाश कर रही है।

### वीडियो इंटरनेट मीडिया पर हुआ प्रसारित

बताया गया है कि जब शराब दुकान के कर्मचारी पुलिस आरक्षक के साथ सरेराह मारपीट कर रहे थे, तभी वहां से गुजर रहे एक कार चालक ने इस घटना का वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरक्षक के साथ शराब दुकान के कर्मचारी बुरी तहर से मारपीट कर रहे हैं और उनमें पुलिस और कानून का जरा भी खौफ दिखाई नहीं दे रहा है।

### थाना प्रभारी निलंबित

इधर पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी ने बताया कि थाना प्रभारी रितेश शर्मा को बुधवार को सस्पेंड कर दिया है। उन्हें तय समय के बाद थाना क्षेत्र में शराब दुकान खुली रहने के लिए जिम्मेदार माना गया है। वहीं शराब दुकान पर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को चिट्ठी लिखी जाएगी। दुकान के खिलाफ नियमों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने को कहा जाएगा।

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का हो निराकरण : चौहान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने मध्य क्षेत्र विघुत वितरण कं.लि. भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक भोपाल को ज्ञापन दिया है। जिसमें उनहोंने नरेला विधानसभा के करोंद, छोला क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता को आ रही समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की गई है।

डॉ. चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा अनाप-शनाप बिजली जारी किए जा रहे हैं, बिल जमा करने पहुंचे उपभोक्ताओं से कैश काउंटर अधिक राशि वसूली जाती है, न उक्त राशि न देने पर उसे दुर्व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा स्थाई बिजली कनेक्शन देने की मांग भी श्री चौहान ने ज्ञापन के माध्यम से की है। श्री चौहान ने कहा कि करोंद क्षेत्र के वार्ड 75 में सैकड़ों मकान, पीले क्वाटर्स, कालोनी विगत 2 सालों से बिजली की सुविधा से वंचित हैं। जीवन ज्योति योजना के तहत यह कालोनी चिन्हित होने के बाद भी यहां निवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं विभिन्न कालोनियों में बिजली की अघोषित कटौती से नागरिक परेशान हैं। वहीं काल सेंटर की हालत यह है कि लगातार कॉल करने पर भी अधिकांश मामलों में कोई कॉल रिसीव नहीं करता। डॉ. चौहान ने कहा कि यदि उक्त मांगे नहीं मानी जाती हैं, तो कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपते समय डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान के साथ प्रदेश महासचिव कांग्रेस आसिफ ज़की, पार्षद रियाज खान, पार्षद दानिश शब्बीर, ब्लाक अध्यक्ष साजिद अंसारी, प्रताप भानू सिंह, दिलीप पडोलिया, इमरान मिर्जा, ए.डी. पनरिया, हफीज खान, युवराज सिंह, नारायण गौर, जसवीर सिंह, धर्मेंद्र पांडे, बाबर खान, शाहवर खान, गुफरान खान सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। केंकेंकेंकि

# पैक्स कम्प्यूटराईजेशन पर कार्यशाला आयोजित




**भोपाल,देशबन्धु।** अपेक्स बैंक के सुभाष यादव समन्वय भवन में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपेक्स बैंक और अपेक्स बैंक ट्रेनिग कॉलेज द्वारा आयोजित इस 2 दिवसीय कार्यशाला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक्स के मास्टर ट्रेनर, नाबार्ड के डीडीएम, प्राथमिक सहकारी साख समितियों के कर्मचारियों, सिस्टम इंटीग्रेटर के प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दी गई।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक पी.एस.तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में किसी भी प्रकार के तकनीकी सवाल या शंका पर प्रतिभागी विमर्श करें, जिससे कि प्रशिक्षण एजेंसी के व्यावसायिक रुप से दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा उनका निराकरण कर सकें। नाबार्ड के महाप्रबंधक कमर जावेद ने कहा कि कार्यशाला को मैनुअल करने का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि पहले आप सभी एक-दूसरे से परिचित हो जाएं, ताकि आगे काम करना आसान हो जाए। इस अवसर पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्रीमती कीर्ति सक्सेना, संजय मोहन भटनागर, उप महाप्रबंधक आर.एस.चंदेल, सहायक महाप्रबंधक के.टी.सज्जन, अक्षय जैन, प्रबंध संचालक, अतिशय लिमिटेड, प्रदेश के सिस्टम इंटीग्रेटर, नाबार्ड, सहकारिता विभाग व बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अरविंद बौद्ध ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पहले दिन 26 जिलों और आज दूसरे और अंतिम दिन शेष 26 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# सूने घर से सोने का हार चोरी

**भोपाल, देशबन्धु।** जहांगीराबाद इलाके में रहने वाली एक महिला के सूने घर से उसका सोने का हार चोरी चला गया। महिला ने अपने दो करीबियों पर शक जताया है। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इलाके में आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से अज्ञात चोर का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

जहांगीराबाद थाना पुलिस के अनुसार चिकलोद रोड पर रहने वाली तबस्सुम 21 अगस्त की रात करीब साढ़े दस बजे अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के घर दावत में गई थीं। करीब दो घंटे बाद वहां से जब वह वापस लौटीं तो उन्हें घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। अंदर पहुंचकर देखा तो सभी सामान व्यवस्थित था। सूने घर में दाखिल हुए चोर ने घर की किसी भी चीज को नहीं छुआ था। उसने केवल कपड़ों के बीच छिपाकर रखे गए सोने के हार पर हाथ साफ किया तथा वहां से भाग निकला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच में महिला ने शक जताया है किसी ऐसे व्यक्ति ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, जिसे उसके घर में सोने का हार कपड़ों के बीच रखे होने की जानकारी थी। फिलहाल दो करीबी लोगों पर शक जताया जा रहा है। सोने के इस हार की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस का कहना है कि छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही चोर के बारे में पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पवारखेड़ा के नजदीक होना है फ्लाईओवर का काम

# अमरकंटक और जनशताब्दी सहित 10 ट्रेने निरस्त



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल-इटारसी रेलमार्ग से होकर चलने वाली पंचवेली, जनशताब्दी, अमरकंटक एक्सप्रेस समेत पांच जोड़ी ट्रेनें अलग-अलग तारीखों में निरस्त रहेंगी। दर असल भोपाल-इटारसी रेलखंड पर पवारखेड़ा एवं जुझारपुर केबिन फ्लाइओवर कार्य की वजह से नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है।

भोपाल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सूबेदार सिंह के अनुसार, इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 25, 26 एवं 27 अगस्त को तथा छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस दिनांक 24, 26, 27 एवं 28 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह रानी कमलापति-जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस 27 अगस्त तक एवं जबलपुरङ्करानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस 24 28 अगस्त तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस 26 अगस्त तक एवं भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस 27 अगस्त तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

वहीं रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 अगस्त को एवं अगरतला - रानी कमलापति साप्ताहिक विशेष ट्रेन 27 अगस्त को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी ।जबलपुर- बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 25 अगस्त को एवं बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन 26 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी । जनसंपर्क अधिकारी ने यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए सलाह दी है कि रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

### यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी

उधर जबलपुर से सोमनाथ के बीच चलने वाली ट्रेन को परिवर्तित मार्ग से गुजारा जाएगा। जबलपुरङ्कसोमनाथ एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 24, 26 एवं 27 अगस्त को परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुड़वारा-बीना-भोपाल से होकर गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 24 एवं 25 अगस्त को परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा से जबलपुर तक आएगी।

# नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के सौंपा 88 करोड़ रुपये ऋण का चेक

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा विद्युत देयकों के वित्तीय भार को कम करने के दृष्टिगम निगम के जलशोधन संयंत्रों व अन्य कार्यालयों पर सोर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के साथ ही नीमच के समीप 21 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 15 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इन परियोजनाओं में निगम अंश की राशि की व्यवस्था हेतु बैंक ऑफमहाराष्ट्र ने 88 करोड़ रुपये का ऋण नगर निगम के पक्ष में स्वीकृत किया है। ऋण राशि का चेक बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारियों ने महापौर श्रीमती मालती राय को निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. की उपस्थिति में सौंपा। इस अवसर पर अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर व श्री पवन कुमार सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी व बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारी मौजूद थे। नगर निगम द्वारा आगामी 25 वर्षों के लिए पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया जिसके तहत आगामी 25 वर्षों तक संबंधित कम्पनियों द्वारा समान दर से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, चाहे बिजली की दरे कितनी भी बढ़ जाए।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-एच-3/510 मंडल द्वारा श्री सतीश चंद्र दुबे आत्मज श्री दीपचंद्र दुबे के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 241 दिनांक 05.02.2010 को जारी किया गया है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 05.03.2008 को पंजीकृत है। श्रीमती प्रीति दुबे पत्नी स्व.श्री सतीश चन्द्र दुबे, सुश्री तन्वी दुबे पुत्री स्व.श्री सतीशचन्द्र दुबे एवं श्री कार्तिकेय दुबे पुत्र स्व.श्री सतीशचन्द्र दुबे द्वारा स्व.श्री सतीशचन्द्र दुबे का मृत्यु प्रमाण पत्र मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र साधारण आवेदन पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं आई.डी. प्रूफ प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड को अपने नाम नामांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**


# मिठाइयों में मिलावट रोकने के लिए किया निरीक्षण, नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**भोपाल,देशबन्धु।** रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कई मिष्ठान्न निर्माता एवं विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे है । खाद्य अधिकारी डी.के.वर्मा ने बताया कि बुधवार को लक्ष्मी शॉपिंग सेंटर, बाग सेवनिया एवं सुरेन्द्र लैण्डमार्क होशंगाबाद रोड, राजस्थान मिष्ठान्न भण्डार से मावा से बनी मिठाइयों तथा नमकीन के कुल आठ नमूने, बेक शाइन बेकर्स्, होशंगाबाद रोड़ से बूंदी लड्डू और खीर कदम के नमूने, परी बाजार रोड़ स्थित जैन मिठाई एण्ड डेयरी से मावा, मिठाइयां तथा नमकीन के कुल चार नमूने, हमीदिया रोड़ स्थित नर्बदा स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट से मावा एवं मावा से बनी मिठाइयों के चार नमूने, नीलबड स्थित कनक स्वीट्स से मावा टिकिया एवं बेसन लड्डू के नमूने, हमीदिया रोड स्थित मनोज स्वीट्स से रस मलाई का नमूना, शाहपुरा स्थित बीकानेर स्वीट्स एवं मुरैना डेयरी स्वीट्स एवं नमकीन से मावा एवं मावा से बनी मिठाइयों के कुल आठ नमूने लिये गये हैं । लिये गये नमूने विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, प्रेषित किये जा रहे हैं ।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर मां-बेटी को पीटा

**भोपाल, देशबन्धु।** छोला मंदिर थाना इलाके में रहने वाली युवती से पड़ोसी युवक ने छेड़खानी कर दी। युवती ने घर आने के बाद मां को यह बात बताई। मां ने विराध किया तो आरोपी व उसकी पत्नी ने महिला से अभद्रता की और विवाद बड़ने के बाद पति और पत्नी ने उन्हें जमकर पीटा। इस दौरान युवक ने सिर में डंडा मारकर महिला का सिर फोड़ दिया। वहीं बीच बचाव कर रही उसकी बेटी की भी धुनाई कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्ष की महिला शंकर नगर थाना छोला मंदिर में परिवार के साथ रहती है। उनके पति का निधन हो चुका है। उनकी 18 साल की बेटी कपड़ों की दुकान में काम करती है। रविवार को वह काम से घर लौट रही थी। इसी बीच शेरू रायकवार नामक युवक जो उसके पड़ोस में रहता है ने युवती का रास्ता रोक लिया और अभद्र टिप्पणी की। युवती ने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। युवती ने घर पहुंचने के बाद मामले की जानकारी मां को दी। मां घर के बाहर निकलकर आरोपी को समझाइश देने के लिए पहुंची। इससे नाराज शेरू व उसकी पत्नी ने उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान शेरू ने महिला के सिर में डंडा मारा इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं उसके पांव को डंडे से कई वार कर तोड़ दिया। इस दौरान बीच बचाव में आई बेटी को भी आरोपियों ने जमकर पीटा। इसके बाद में आरोपी पति और पत्नी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। अब आरोपी पक्ष महिला को फिर धमका रहा है। पीड़ित महिला का कहना है कि तीन दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं आरोपियों द्वारा धमकी देने की शिकायत थाने में की गई लेकिन पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुरेश चंद्र नागर ने बताया कि आरोपी शेरू के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का और उसकी पत्नी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है। उन्हें जल्द गिरगफ्तार कर लिया जाएगा।

# सम्मान से बच्चों को मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा: विश्वास

## जिले के सवा सौ मेघावी छात्रों को मिली स्कूटी



**भोपाल, देशबन्धु।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से बच्चों को भविष्य में और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। श्री सारंग रवींद्र भवन में आयोजित स्कूटी वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिले के 128 मेघावी विद्यार्थियों को स्कूटी-स्कूटर दिये गये।

श्री सारंग ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें अवसर और उचित मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ज्ञान, उचित आचरण और तकनीकी दक्षता, शिक्षण और विद्या प्राप्ति के तत्व समाहित होते हैं। श्री सारंग ने छात्रों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए बेहतर शिक्षा जरूरी है। शिक्षा की आवश्यकता आज समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को है। पढ़-लिखकर ही व्यक्ति समाज में अपना बेहतर स्थान बनाता है ।उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपनी सोच में बदलाव भी जरूरी है। सकारात्मक विचार रखकर आगे बढ़े सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपनी अंदर की खामी को दूर कर लो तुम से अच्छा कोई नहीं है। शिक्षा से हम बोलना, पढ़ना, लिखना सीखते हैं। जिस दिन इसका उद्देश्य जान जाओगे, उस दिन अपने जीवन में कुछ बन सकते हो। उन्होंने प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम मे शहडोल से मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय स्कूटी-स्कूटर वितरण कार्यक्रम को लाइव देखा गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रं./कालोनी सेल/न.नि./2023/714 सागर दिनांक 23.08.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर के क्षेत्र अंतर्गत म.प्र. राजपत्र दिनांक 13.01.2022 के भाग 3 अनाधिकृत कालोनियों से संबंधित उपबंध के नियम 23 (2) अनुसार मौजा धर्मश्री पटवारी हल्का नं. 64 खसरा नं. 126/16, 216/4, 127/2, 127/3, 127/4 में कुल रकबा 2.90 एकड़ में विकसित की गई अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय करने हेतु अंतिम अभिन्यास तैयार किया जाकर विकास शुल्क राशि रु. 646.00 रुपये प्रतिवर्गमीटर का प्रकाशन प्रतिष्ठित समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 13.04.2023 एवं दैनिक राजएक्सप्रेस में दिनांक 12.04.2023 को किया गया था। म.प्र. राजपत्र दिनांक 26.05.2023 अनुसार विकास शुल्क की कुल राशि में से 20 प्रतिशत निम्न आय वर्ग के रहवासियों से एवं 50 प्रतिशत अन्य रहवासियों से व्यक्तिगत रुप से प्रभारित की जायेगी। उपरोक्तानुसार मौजा धर्मश्री पटवारी हल्का नं. 64 खरा नं. 126/16, 126/4, 127/2, 127/3, 127/4 में कुल रकबा 2.90 एकड़ में विकास शुल्क राशि रु. 646.00 रुपये प्रतिवर्गमीटर अन्य रहवासियों के लिए एवं राशि रु. 258.00 प्रतिवर्गमीटर निम्न आय वर्ग के रहवासियों के लिए निर्धारित की गई है। उक्त विकास शुल्क कालोनी के अधिभोगियों द्वारा नगर पालिक निगम सागर में नियत समयावधि 24 माह के भीतर जमा की जाना है।

अतः प्रस्तुत अभिन्यास अनुसार कालोनी के भूखण्ड/भवन का स्वामी विहित शर्तो की पूर्ति करने के पश्चात भवन निर्माण, पुर्ननिर्माण की अनुज्ञा अथवा प्रशमन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**

देशबन्धु

भोपाल, गुरुवार 24 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## चन्द्रयान-3 : बना रहे साइंटिफिक टेम्परामेंट

ब्रह्मांड के सबसे खूबसूरत तथा अब तक ज्ञात एकमात्र मानवीय बस्ती वाले ग्रह अर्थात धरती से अपने सबसे नज़दीक के खगोलीय पड़ोसी चन्द्रमा को लक्षित कर 14 जुलाई को दागे गये चन्द्रयान-3 ने आखिरकार बुधवार की शाम अपनी यात्रा के 42वें दिन शाम 5 बजकर 45 मिनट पर लैंडिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ की। ठीक 6 बजकर 4 मिनट पर करोड़ों देशवासियों का सपना पूरा करते हुए उसके लैंडर ने चांद के सतह को छू लिया। उस वक्त वहां सुबह थी।

वैसे तो चन्द्रयान-3 ने पृथ्वी के उपग्रह या चांद कहे जाने वाले इस उपग्रह की ओर बढ़ते हुए प्रारम्भिक चरण से ही सफलता के संदेश दे दिये थे क्योंकि उसके सारे उपकरण एवं सारी प्रणालियां बिलकुल ठीक काम कर रही थीं। पुराने अनुभवों से समृद्ध हुए और पिछली खामियों से सबक लेते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) की प्रतिभा व ज्ञान के प्रतीक चन्द्रयान-3 ने अपनी इस कामयाबी से आधुनिक भारत के निर्माताओं की दूरदर्शिता एवं वैज्ञानिक सोच का फिर से लोहा भी मनवाया है। करीब साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी से मंगल गृह के आकार के एक बड़े ग्रह के टकराने से, जिसे खगोल वैज्ञानिकों ने 'थिया' नाम दिया है, पृथ्वी से बड़ी मात्रा में मैटर पिघलकर द्रव्य के रूप में अंतरिक्ष में फैल गया। आपस में जुड़ते और गुरुत्वाकर्षण के कारण करोड़ों वर्षों तक पृथ्वी की लगातार परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उस साथी उपग्रह का निर्माण हुआ जिसे आज हम चांद या चंद्रमा के नाम से जानते हैं और जो एक ओर तो विविध कला-विधाओं में रुचि रखने वालों के लिए कभी प्रेरणा तो कभी उपमा या कभी अलंकार के रूप में काम करता है। दूसरी तरफ़ वह खगोल वैज्ञानिकों व भौतिकशास्त्रियों के लिये जीवन व अनेक जटिल सिद्धातों को हल करने का जरिया भी है।

पृथ्वी से अन्य किसी भी खगोलीय पिंड के मुकाबले इसकी दूरी सबसे कम है- केवल 3,84,400 किलोमीटर। इसका व्यास पृथ्वी का एक चौथाई है और पृथ्वीवासियों के लिये आसमान में सूर्य के बाद यह सबसे चमकदार निकाय है- बावजूद इसके कि उसकी खुद की रोशनी नहीं है और वह सूर्य की रोशनी के परावर्तित होने से हमें दिखता है। उस पर दिखने वाले असंख्य दाग दरअसल उसकी सतह से लाखों उल्का पिंडों के टकराने से बने हैं जिसने बड़े गड्ढों का निर्माण तो किया ही है, उसे काफी हद तक गोलाकार बनने में मदद भी मिली है। पृथ्वी का यह एकमात्र उपग्रह (चांद) बेहद ठंडा है और उसका गुरुत्वाकर्षण बहुत कम है। यहां वायुमंडल अनुपस्थित है और पृथ्वीवासियों को इसका बहुत कम हिस्सा दिखलाई पड़ता है। चांद का दक्षिणी हिस्सा कभी भी सूर्य के सामने न आने से वहां और भी ज्यादा ठंड है। यहां तापमान -203 से -243 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां बड़ी मात्रा में ठोस रूप में पानी मौजूद है। अब तक जितने भी मून मिशन में गये हैं वे सारे उन हिस्सों पर उतरे हैं जो सूर्य के सामने होते हैं लेकिन चन्द्रयान-3 दक्षिणी हिस्से में उतरा है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की विशेष उपलब्धि है।

ऐसे अनेक कारणों से चन्द्रमा एवं चन्द्रयान-3 लोगों की उत्सुकता का कारण रहा है और हर व्यक्ति इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। पृथ्वी के साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड की रचना के कारकों और भविष्य को जानने का मानव के लिये सबसे नज़दीक का जरिया चंद्रमा ही है। पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की जानकारी से लेकर भविष्य में पृथ्वीवासियों के लिये वैकल्पिक मानव बस्तियों की सम्भावना टटोलने तक के लिये खगोलशास्त्री व वैज्ञानिक लम्बे समय से चांद को निहारते रहे हैं। इसके बारे में वैज्ञानिक समझ ज्ञान का पैमाना रहा है। इस मिशन का बड़ा महत्व इस लिहाज से भी है कि इस सफलता ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे गिनती के देशों की श्रेणी में बैठाया है। इसका श्रेय निसंदेह भारत के सार्वजनिक उपक्रमों के सिरमौर कहे जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को जाता है। उनकी कड़ी मेहनत, ज्ञानार्जन की उत्कंठा, मेधा और चेतना ने सभी भारतीयों को आज यह महान उपलब्धि दिलाई है।

इस मिशन के बारे में आगे भी खूब चर्चा होती रहेगी और सम्भव है कि इसका श्रेय लेने की छीना-झपटी भी हो, परन्तु यह ऐसा अवसर है जब हमें अपने राष्ट्रीय चरित्र से उस गुम होते फिनोमेना को पुनर्जाग्रत करने का संकल्प लेना होगा जिसका उल्लेख भारतीय संविधान में 'साइंटिफिक टेम्परामेंट' के नाम से जाना जाता है और देश में इसे निर्मित करना सरकार का दायित्व माना गया है। आधुनिक भारत के निर्माता व प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने केवल यह शब्द (साइंटिफिक टेम्परामेंट) ही नहीं दिया बल्कि इस भावना के अनुकूल समाज बनाने में इसरो जैसी संस्थाएं दीं एवं डॉ. विक्रम साराभाई, सतीश धवन आदि से लेकर एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राकेट वैज्ञानिकों को निखरने एवं उन्हें अपनी प्रतिभा के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का माहौल दिया। देश की इस वैज्ञानिक चेतना की विरासत को बनाये रखने में सारी सरकारों ने मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से विज्ञान की जगह आस्था और अंधविश्वास ने ली है तथा जिसे मौजूदा सरकार राजनैतिक कारणों से पूरा बढ़ावा दे रही है। यह दुर्भाग्यजनक और चिंताजनक दोनों ही है। इस मायने में चन्द्रयान-3 एक बेहद कठिन टास्क माना जा सकता है कि ऐसे वक्त में जब देश के छात्रों व युवाओं की रुचि विज्ञान में लगातार घट रही है, नाले की गैस से चाय बनाने व पकौड़े तलने, ताली-थाली बजाकर व मोमबत्तियां जलाकर कोरोना भगाने, बादलों में छिपकर रडार को चकमा देने और टर्बाईन से पानी व ऑक्सीजन को अलग करने वाले वैज्ञानिकों का बोलबाला हो, प्रयोगशालाएं सूनी हो रही हों और दुनिया के सारे रहस्यों को सुलझाने के सिद्धांत पुरानी किताबों में पाये जा रहे हों- यह उपलब्धि कई गुना बढ़कर महसूस की जानी चाहिये।

# एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है

**दुनियादारी**

**■ सर्वमित्रा सुरजन**

मुझे नहीं मालूम कि अरनाज़ बानो के दिल में इस वक्त किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। उनके मां-बाप किस किस्म की हताशा और निराशा को महसूस कर रहे होंगे। लेकिन मुझे इतना पता है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले इस देश के मुखिया जब लालकिले पर चढ़कर, नयी पगड़ी पहने ये घमंड भरा ऐलान कर रहे थे कि अगले साल भी मैं ही आऊंगा, उस वक्त उनके गृहराज्य गुजरात की एक बेटी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थीं, क्योंकि उसे उस उपलब्धि का सम्मान भी नहीं लेने दिया गया, जिसकी वो हकदार थी। उपलब्धियों का सुख क्या होता है, ये वही लोग समझ सकते हैं, जिन्होंने खुद कभी कुछ करके दिखाया हो। और इस मामले में मौजूदा निजाम एकदम कंगाल नजर आता है। अभी चांद की सतह छूने और चंदा मामा को धरती की राखी भेजने पर जो थाली-ताली पीटी जा रही है, उसकी नींव भी नेहरूजी के जमाने में ही तैयार हुई थी। संयोग है कि विक्रम साराभाई भी गुजरात के ही थे। जहां उन्होंने भारत के लिए अंतरिक्ष को छूने वाले बड़े सपने देखे और उन सपनों को सच करने का रास्ता नेहरूजी ने तैयार किया। कल्पना कीजिए कि आज के जमाने में अगर साराभाई प्रस्ताव रखते कि हमें अंतरिक्ष कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है, तकनीकी के सहारे शिक्षा को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाना है, किसानों को शिक्षित करना है, कपड़ा बनाने वाले बुनकरों को आधुनिक तकनीकी का ज्ञान देकर समृद्ध बनाना है और ये सब सरकार के अंतर्गत करना है, तो क्या विक्रम साराभाई को सरकार का सहयोग मिलता। मेरे ख्याल से तो नहीं मिलता, क्योंकि आज जो व्यक्ति की शिक्षा की बात करे, शिक्षित राजनेताओं की बात करे, उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। किसानों के हक में आवाज उठाने वालों को आतंकवादी कहा जाता है। बुनकरों के विकास से ज्यादा जरूरी उद्योगपति मित्रों का विकास जरूरी माना जाता है। इसलिए विक्रम साराभाई और होमी जहांगीर भाभा जैसे वैज्ञानिकों के सपने शुरुआत में ही रौंद दिए जाते और उन्हें सलाह मिलती कि वेदों में विज्ञान से विकास का रास्ता तलाशें।

खैर भाजपा स्वतंत्रता के वक्त नहीं थी, न ही दक्षिणपंथी विचारकों ने कभी आजाद भारत में विकास के सपने देखे। उनका बस चलता तो वे भारत को मध्ययुग की गुफाओं में ही भटकाते रहते। दो उदाहरणों से ये बात समझ आ जाएगी। 1938 में 'वी एंड आवर नेशनहुड डिफाइंड' में गोलवलकर लिखते हैं-'नस्ल और उसकी संस्कृति की शुद्धता बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश को सेमिटिक नस्लों-यहूदियों से मुक्त करके दुनिया को चौंका दिया...जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि भिन्न नस्लों और संस्कृतियों के लिए एक संपूर्णता में समाहित हो पाना कितना असंभव है। हिंदुस्तान में हमारे लिए सीखने और लाभ उठाने के लिए यह एक अच्छा सबक है।'

यानी गोलवलकर भारत को हिटलर वाली जर्मनी के रास्ते पर भेजने के लिए तैयार थे। जर्मनी में नस्लीय शुद्धता के नाम पर हुए नरसंहार से वे हिंदुस्तान को प्रेरणा लेने कहते हैं। जबकि इसी दौरान 1938 में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद में व्याख्यान देते हुए नेहरू कहते हैं- हमारी समस्याएं बहुत बड़ी हैं। इन्हें अकेले राजनेता हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उनके पास वैज्ञानिक विशेषज्ञता और दूरदृष्टि न हो; उन्हें अकेले वैज्ञानिक भी हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनके पास राजनीतिक शक्ति और व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण नहीं होगा जो हर चीज को अपने दायरे में ले लेता है। वे समस्याएं विज्ञान और राजनीति इन दोनों के सहयोग से ही हल हो सकती हैं और होंगे।

दोनों विचारों में कितना फर्क है। कहां नेहरूजी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश की समस्याओं का हल तलाश रहे थे और कहां गोलवलकर नरसंहार की वकालत कर रहे थे। इतिहास के पन्नों को पलटें तो ऐसे अनेक दृष्टांत मिल जाएंगे। लेकिन आज हजार साल बाद के भारत की बात करके मोदी सरकार देश के असली इतिहास से जनता का ध्यान भटका रही है। आज भारत गोलवलकर जैसी सोच रखने वालों की तर्ज पर ही चलाया जा रहा है। आजादी के बाद जो व्यवस्थाएं तत्कालीन सरकारों ने बनाईं और जो व्यवस्था 2014 तक सुचारू चलती रही, उस वजह से अभी भारत में हालात काफी हद तक संभले हुए हैं, लेकिन सवाल यही है कि कब तक हम खैर मनाएंगे। बारुद के ढेर पर बैठे रहने पर विस्फोट का खतरा बना ही रहता है। फिलहाल उसकी चिंगारियां देश में जगह-जगह दिख रही हैं। मणिपुर, हरियाणा इन चिंगारियों की भेंट चढ़ चुके हैं। गुजरात ने 2002 में यह सब भुगत लिया है। और अब वहां हिंदू-मुस्लिम खाई इतनी गहरी बन चुकी है कि इसमें मासूमों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

> **15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी।**

15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी। अरनाज़ बानो सिपाही 15 अगस्त के जलसे में इंतजार करती रही कि उसका नाम पुकारा जाएगा और उसे सम्मानित किया जाएगा, क्योंकि स्कूल में 10वीं और 12वीं में पहले स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जा रहा था। लेकिन अरनाज़ का नाम लिया ही नहीं गया और दूसरे स्थान पर आने वाली बच्ची को सम्मानित किया गया आत्मसम्मान पर लगी इस गहरी ठेस को लिए अरनाज़ जब रोते हुए घर पहुंची तो उसके पिता सरवर खान ने स्कूल के प्रिंसिपल अनिल पटेल और संचालक बिपिन पटेल से इस बात की शिकायत की कि मेरी बच्ची पहले नम्बर पर पास हुई थी फिर भी आपने उसका नाम रद्द क्यों किया, जिस पर स्कूल के प्रिंसिपल और संचालक की तरफ से गोल-मोल जवाब मिले कि अरनाज़ बानो को एक नहीं 10 इनाम 26 जनवरी 2024 को हम देंगे। इस पर सनवर खान ने कहा हमको इनाम नहीं चाहिए लेकिन अगर मेरी बेटी का सम्मान होता तो हमें गौरव होता।'

अरनाज़ ने 10वीं में 87 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन शायद उस बच्ची की धार्मिक पहचान उसकी शैक्षणिक योग्यता पर भारी पड़ गई। अरनाज़ के पिता अब इस मसले पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि उन्हें 2024 के चुनावों में बनने वाले माहौल का अहसास है। सवाल ये है कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नारा देने के साथ ऐसा माहौल क्यों नहीं बनाया कि कोई पिता अपनी बच्ची की उपलब्धि के बावजूद लाचार महसूस न कर सके। इस घटना के बाद अब अरनाज़ भी डरी हुई है कि अब वह स्कूल कैसे जाए। उसे आगे पढ़ना है, मगर भेदभाव ने उसके अबोध मन पर गहरा निशान छोड़ दिया है। इस मामले में भेदभाव के आरोप से स्कूल ने साफ इंकार कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि हमारा स्कूल किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ सख्त नीति रखता है। निश्चिंत रहें, योग्य छात्रा को 26 जनवरी को उसका इनाम मिलेगा, यह उल्लेखनीय है कि वह निर्धारित दिन पर अनुपस्थित थी, जिससे इनाम देने में बाधा उत्पन्न हुई।' यानी स्कूल रिकार्ड में अरनाज़ 15 तारीख को उपस्थित ही नहीं हुई थी। यह चीन पर मोदीजी के दिए गए बयान जैसा ही है। न कोई आया है, न कोई घुसा है। तो फिर किसी को लाल आंखें दिखाने या नाम लेकर चेतावनी देने का मतलब ही नहीं है।

लेकिन धुआं उठा है, तो जाहिर है कहीं न कहीं चिंगारी जरूर लगी है। शिक्षा, विज्ञान, मेलजोल की संस्कृति, धार्मिक सहिष्णुता, इन सबको भारत के रजिस्टर से गैरहाजिर बता कर कुछ सालों का सत्ता सुख तो हासिल किया जा सकता है, मगर इससे एक-दो नहीं, लाखों-करोड़ों आंखों में आंसुओं का सैलाब आएगा, इस सैलाब में कौन, कैसे बहेगा, ये भी इतिहास में दर्ज हो ही जाएगा।

मुनव्वर राना ने लिखा है-

एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है,  
तुम ने देखा नहीं आंखों का समुंदर होना।।

# परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान

**■ आशीष विश्वास**

असम में विवादास्पद और अंततः अनिर्णायक एनआरसी ऑपरेशन की तरह, चुनाव आयोग द्वारा किये गये विधानसभा और लोकसभा सीटों के परिसीमन ने भी मौजूदा जातीय विभाजन को गहरा कर दिया है, जिससे राज्य में ताजा राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

अब जबकि चुनाव आयोग के परिसीमन प्रस्तावों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, तो केवल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही 140 लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रीय पुनर्निर्धारण से खुश दिख रही है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा, जो पूर्व कांग्रेसी से भाजपा के वर्तमान कट्टरपंथी बने, चुनाव आयोग की इस पहल के सक्रिय समर्थक रहे हैं।

भाजपा द्वारा संचालित प्रशासन का उद्देश्य, जैसा कि प्रत्यक्ष रूप से और अन्यथा भी स्वीकार किया गया है, स्पष्ट रूप से असमिया हितों और आकांक्षाओं-स्थानीय बोलचाल में भूमिपुत्र- का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के लिए दोनों सदनों में एक आरामदायक बहुमत सुनिश्चित करना था।

> **निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।**

विभिन्न पक्षों द्वारा जारी किये गये बयानों या इस मुद्दे पर रिपोर्टों और विश्लेषणों को बड़ी संख्या में स्पष्ट किया गया है कि यह लक्ष्य पर्याप्त रूप से हासिल किया गया है। यह आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया में, ऊपरी असम में बोडो के साथ-साथ बराक घाटी में आदिवासियों और बड़ी संख्या में बंगालीभाषी हिंदुओं और मुसलमानों सहित प्रमुख जातीय समूहों के हितों और भावनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बराक घाटी के तीन जिलों में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और बंद हुए हैं, जबकि जन संगठनों और समूहों ने राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया है।

कोकराझार के पूर्व सांसद, बोडो नेता श्री संसुमाखुंगर बिस्मुटियारी ने भी परिसीमन प्रस्तावों का विरोध किया है और जरूरत पड़ने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बुरी तरह निराश किया गया है।

विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्सरेखण ने उनके जनसांख्यिकीय चरित्र को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में काफी हद तक बदल दिया है : जमीनी स्तर की रिपोर्टों के अनुसार, कुछ स्थानों पर 4,00,000 से अधिक मतदाताओं वाले निर्वाचन क्षेत्र हैं, जबकि अधिकांश सीटों पर यह संख्या 1,20,000 के आसपास ही होगी।

निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।

चुनाव आयोग ने पार्टियों और समूहों के लिए विशेष सुनवाई की व्यवस्था की, लेकिन अपनाई गई प्रक्रियाओं से अधिकांश पार्टियों का मोहभंग हो गया। उदाहरण के लिए, बराक घाटी के प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके पास सैकड़ों शिकायतें थीं, लेकिन उन्हें अपना मामला पेश करने के लिए 30 मिनट से थोड़ा ही अधिक समय मिला। इसी तरह के विचार छोटे आदिवासी समुदायों से भी आए।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद अल्पसंख्यक नेता बदरुद्दीन अजमल ने पहले आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग की सिफारिशों ने एक समुदाय के रूप में मुसलमानों को स्पष्ट रूप से लक्षित किया है। प्रावधानों ने मुसलमानों को पहले की तुलना में छोटे मतदान समुदायों के रूप में छोड़ने के लिए निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के नाम पर तबाही मचाई। उन्होंने इस तरह के युद्धाभ्यास के खिलाफ अदालत जाने की धमकी दी।

बांग्ला भाषी बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के नेता, जो पहले ही शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ने आरोप लगाया कि तीन जिलों में विधानसभा सीटों की संख्या 15 से घटाकर 13 कर दी गई है।

फिर बिस्मुटियरी ने यह भी आरोप लगाया कि जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 15 से घटाकर केवल 6 कर दी गयी है। संबंधित राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के साथ बिना किसी पूर्व चर्चा के उठाया गया ऐसा कदम न केवल आदिवासियों के साथ भेदभाव करता है बल्कि इसने केंद्र और विभिन्न राज्यों से संविधान-प्रदत्त उनके कई बुनियादी अधिकारों को छीन लिया तथा एक अनुसूचित, संरक्षित समूह के रूप में उनकी कानूनी रूप से परिभाषित स्थिति का उल्लंघन किया।

मुख्यमंत्री के रूप में श्री शर्मा ने प्रस्तावित परिवर्तनों का जोरदार बचाव किया, यह दावा करते हुए कि वे 'भूमिपुत्रों' के हितों और स्थिति की रक्षा करना चाहते थे, जिनका भविष्य हाल के वर्षों में बांग्लादेश से अवैध प्रवासन के कारण खतरे में आ गया था। जनजातीय हितों को भी ध्यान में रखा गया था और वास्तव में किसी के पास शिकायत का कोई आधार नहीं है।

मोटे तौर पर, प्रस्तावित परिवर्तनों की सीमा क्या है और इसमें कितनी सीटें शामिल हैं?

प्रदेश भाजपा नेताओं की टिप्पणियों और खुलासों से एक तरह का जवाब मिल गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और नागांव से 4 बार के भाजपा सांसद, अनुभवी राजेनगोहेन द्वारा हाल ही में सत्तारूढ़ दल पर जोरदार हमला किया गया है। वर्तमान में वह असम के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं।

उनके 2024 में नागांव संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की उम्मीद है, परन्तु उन्होंने कहा कि वह अब कभी नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रावधानों ने नागांव संसदीय की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल को पूरी तरह से बदल दिया है। इसे उन्होंने अपनी ही पार्टी भाजपा द्वारा एआईयूडीएफ को दिये गये सीधे उपहार के रूप में देखा।

उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों जयंत मल्लाह बरुआ और पीयूष हजारिका ने उनके आरोप को खारिज कर दिया। जैसा कि असम स्थित विभिन्न मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है, श्री बरुआ ने असम की 126 विधानसभा सीटों में से कम से कम 102 सीटों पर 'भूमिपुत्रों' के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। यह पहले के समय से एक सुखद विरोधाभास होगा, जब आप्रवासियों के वोट 40/50 सीटों के चुनावी नतीजे तय करते थे। इसी प्रकार, 14 लोकसभा सीटों में से 11 में परिसीमन प्रावधानों द्वारा स्वदेशी समुदायों की स्थिति और भविष्य को प्रभावी ढंग से संरक्षित किया गया है।

जहां तक श्री गोहेन की शिकायतों का सवाल है, एक अनुभवी राजनेता के रूप में, जिन्हें लंबे राजनीतिक कॅरियर के दौरान पर्याप्त पुरस्कार मिला है, वह अब शालीनता से सेवानिवृत्त हो सकते हैं और भाजपा को राजनीतिक रूप से मदद कर सकते हैं।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, यह रिपोर्ट जानकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि बराक घाटी स्थित पार्टियों ने पारंपरिक रूप से उपेक्षित तीन जिलों में रहने वाले लोगों के लिए न्यूनतम सुरक्षा, संरक्षा और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक अलग स्वायत्त 'पूर्वांचल' राज्य के लिए अपने नारे को पुनर्जीवित किया है। बीडीएफ नेताओं ने आरोप लगाया कि विशेष रूप से भाजपा के तहत, यह स्पष्ट हो गया है कि निचले असम में आम लोगों को राज्य प्रशासन से न्यूनतम न्याय भी नहीं मिलेगा।

## पावन प्रसंग

# पर्व त्योहारों का प्रयोजन

वर्ष में प्राय: चालीस पर्व पहले से ही है। उनमें से दस का निर्वाह तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं-बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, राम नवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादसमी, दीपावली-इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती रहती हैं और सत्प्रवृत्तियां पनपती रहती हैं। जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत:होती है। मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करते देखकर उसके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा स्वत: ही उत्पन्न होती है। यही मूल कारण है कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वो का प्रचलन शुरु हुआ। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहीं समाज संगठन को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग के द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका विशेष उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं।

जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ यह होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्रता, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन साधारण अपने उन महान पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सद्गुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पुरुषों के चरित्रों और महान कार्यों को गौरव के साथ याद करती है। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए।

ज्ञान अकेला अपूर्ण और अधूरा है कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो। हमारी शक्ति किसी को दबाने/झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे। श्रावणी पर्व की पृष्ठभूमि में जो पौरामिक कथा है, विष्णु की नाभि से कमल नाल का निकलना और उसमें से ब्रह्मा का अवतरण होना तथा सृष्टि का निर्माण करना, वही अर्थ है और उसमें हमें सृजन की, निर्माण की ही प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रावणी पर्व में प्रधान रूप से ध्यान देने योग्य दो तथ्य हैं। शिखा परिष्कृत विचारणा,, आदर्शवादी आस्था, उत्कृष्ट जीवन नीति का प्रतीक है। राष्ट्र ध्वज को सर्वोपरि सम्मान दिया जाता है और उसी से यह जाना भी जा सकता है कि वह आदर्शों का अनुयायी है। मानवीय मस्तिष्क पर लहराने वाली शिखा-ध्वजा उसके लिए सर्वोपरि है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# राष्ट्रीय राजनीतिक सामाजिक परिवेश में बदलाव का दौर

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी सहित देश में बदलाव का दौर दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश एक जंगलराज के नाम से जाना जाता था। योगी आदित्यनाथ के रूप में यूपी को एक आइकॉन मिल गया। सन्यासी को सिंहासन पहली बार नहीं मिला है। ऐसा भी नहीं है और न ही भाजपा ने यह करतब पहली बार किया है। इसके पहले भगवाधारी साध्वी उमा भारती मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। गोरखपुर में योगी जनता दर्शन दरबार लगाकर जन समस्याओं पर ध्यान देकर अधिकारियों को निर्देश देना वे अपना धर्म समझते हैं। योगी का निर्णय सटीक रहता है। वे जल्दबाजी में कोई निर्णय करना नहीं चाहते हैं। उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने एक भयरहित शासन दिया है। रोड रोमियो को अपनी जगह बताने वाले योगी सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर काम कर रहे हैं। महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, शोषण वृति, दुष्कर्म और धर्मांतरण जैसे दूषण पर सख्ती बरत रहे हैं। योगी का अपना कद है। कानून व्यवस्था की बात पर कभी कोई समझौता नहीं करने वाले योगी ने हमेशा अपराध जगत से जुड़े मवालियों को सुधरने का मौका दिया है। वे छवि को बनाए रखने में मेहनत करते हैं। उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो आर्थिक स्वावलंबन में देश के दूसरे पायदान पर है। मोदी के राजनीतिक उत्तराधिकारी मिल गए हैं। पार्टी खांटी हिंदुत्ववादी छवि वाले आक्रामक शैली में भाषण देने वाले योगी की शैली आज भी पूर्ववर्ती ही है। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ की भूमिका अहम रहेगी। जिस तरह योगी ने समन्वय स्थापित कर उत्तरप्रदेश में जनता का दिल जीत लिया है। वह काबिलेतारीफ है। दस साल में देश में कोई सांप्रदायिक घटना नहीं होने पर भाजपा और मोदी पर लोगों का पूरा भरोसा हो गया है। योगी के सामने चुनौतियां थीं तो यूपी में कठोर निर्णय लेने पर मजबूर किया गया। अब उत्तरप्रदेश में शांति और भाईचारा है। बहन, बिटिया सुरक्षित हैं। उपद्रवियों को अपना ठौर मिल गया है। योगी की छवि ईमानदार व्यक्ति की रही है। पूरे सूबे को परिवार मानने वाले और अपने परिवार को राज्य से अलग दृष्टि से नहीं देखने वाले विरले ही होते हैं। उनके सांसारिक परिवार में एक बहन चाय बेचकर गुजारा करती थी, लेकिन राजधर्म का पालन करने वाले योगी ने परिवारधर्म को पीछे छोड़ दिया। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम में हर एक व्यक्ति की समस्या सुनकर उनके अधिकारों के तहत अधिकारियों को निर्देश देते हैं और उनके स्तर पर कार्य पूर्ण करवाते हैं। त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने वाले मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दो सौ लोगों की शिकायत हर जनता दर्शन में सुनते हैं। उनका निस्तारण भी हाथों हाथ करवाते हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### राज्य स्तरीय शालेय योगा में सेंटएसआरएस का वर्चस्व

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रदेश के बालाघाट जिला मुख्यालय पर बालक / बालिका योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल संभाग की ओर से सर्वाधिक खिलाड़ी सैण्ट एसआरएस के भाग ले रहे है। संस्था के खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बताया कि संभागीय चयन समिति द्वारा संस्था के चंचल दांगी,आयुषी ठाकरे, नित्या गौतम, महिमा राजपूत, भूमि सेन, अविका पांचाल, वैष्णवी रघुवंशी, मोहनी राठौर, गुरुप्रताप रघुवंशी, देव रघुवंशी, सक्षम जैन, मोहित राठौर, निकुंज चौबे, राधे विश्वकर्मा, कार्तिक विश्वकर्मा, कार्तिक सेन, सूर्याशं दांगी, नक्ष साहू योगा खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय शालेय योगा 14,17,19 वर्ष बालक / बालिका प्रतियोगिता हेतु भोपाल संभागीय दल के रूप में चयनित किया है। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कृष्ण पाल सिंह चौहान, प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएँ दी हैं। ज्ञात हो कि बालाघाट जिला मुख्यालय पर प्रतियोगिता शुरु हो चुकी है। जिसमें खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है।

### मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर हुआ महामस्तकाभिषेक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण दिवस के अवसर पर नगर के सभी जिनालयों में धार्मिक आयोजन किये गए। जिसमें स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर (स्टेशन) पर प्रात: काल मंगलाष्टक के साथ अभिषेक प्रांरभ हुआ। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंदिर मूल नायक भगवान पारसनाथ के महामस्तक पर मुख्य पात्रों द्वारा अभिषेक एवम् विश्व शांति हेतु शांतिधारा की गई। जैन समाज की महिलाऐं भी अपने घर से आकर्षक लाडू सजाकर मंदिर जी पहुंची और सभी समाज जन ने मिलकर बड़े ही भक्ति भाव से भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया। शाम को मंदिर जी में 48 दीपकों के साथ भक्ताम्बर जी का सामूहिक पाठ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन सम्मलित हुए।

### सोलंकी बने जिला प्रभारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय क्षत्रिय महासंघ पंजीकृत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.कुलदीप सिंह जादौन की सहमति से एवं ठा. रामबाबू सिंह चौहान विदिशा जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष कुं श्याम सिंह गौड़ ने संगठन हित को देखते हुए कुं इन्द्रेश सिंह सोलंकी को विदिशा जिला प्रभारी के दायित्व पर मनोनीत किया। सोलंकी ने कहा की मैं हमेशा संगठन एवं राजपूत समाज के हित में लग्नलीशल समर्पित भाव से कार्य करता रहूंगा और संगठन को निरंतर मजबूती प्रदान करूंगा।

नगर में देखने को मिला खासा उत्साह, लाईव प्रसारण देखते रहे लोग

# चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक उतरने पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाई



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक चांद की दक्षिण सतह पर उतरने पर नगर में खासा उत्साह दिखाई दिया। जगह जगह आतिशबाजी की गई एवं मिठाई का वितरण किया गया एवं चौक चौराहों पर ढोल बाजों की तान पर युवा नाचते हुए दिखाई दिये। इस अवसर पर शाम के समय से ही नगर के नागरिक अपने अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं मोबाईल पर लाइव प्रसारण देखने के लिये बैठ गये थे एवं नागरिकों के दिलों से एक ही आवाज आ रही थी कि चंद्रयान की सफल लेंडिंग हो। वहीं नगर के एसजीएस महाविद्यालय ए सेंट एसआरएस सहित अन्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लाइव प्रसारण भी किया गया। वहीं मंदिरों में सफल लैंडिंग के लिये यज्ञ हवन किये गये। मीशाबंदी नेमीचंद जैन ने बताया कि आदिनाथ जैन मंदिर गांधी चौक में भक्तांबर का पाठ किया गया वहीं मुस्लिम समाज अध्यक्ष जाविद कुरैशी ने बताया कि मोहम्मदी मस्जिद में विशेष नमाज अता की गई।

# दिग्विजय ने आदिवासियों की समस्याएं सुनीं, सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**आदिवासियों के साथ पैदल जाकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु। नगर भैरुन्दा के सोना प्लेस गार्डन में जनसंवाद में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वन अधिकार अधिनियम में मिले आदिवासियों को वन भूमि के पट्टे को लेकर आदिवासियों की समस्याएं सुनीं और पैदल चलकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि पट्टेधारियों को तत्काल कब्जा मिले, जो भी पटटे के आवेदन आए उन्हें स्वीकार किए जाएं।

नगर के रेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि वन अधिकार अधिनियम में मिले आदिवासियों को वन भूमि के पट्टे में भ्रष्टाचार हुआ है। 15 माह की कमलनाथ सरकार में साढ़े तीन हजार वनवासियों को पट्टे दिए गए , ग्राम पंचायतों से 1300 करोड़ की खनिज राजस्व की वसूली और 1200 करोड़ केवल बुदनी में खर्च किए ,ग्राम पंचायतों को राशि न के बराबर मिली। स्कूली छात्राओं की स्कूटी वितरण पर कहा कि बाजार से मंहगे दामो में खरीदी स्कूटी , बुदनी हाईवे पर रोज मर रही गाये ,2003 में जब मैंने सत्ता छोड़ी तो प्रदेश पर 23 हजार करोड़ का कर्जा था अब शिवराज ने साढ़े तीन लाख करोड़ का कर्जा कर दिया है। उन्होंने चद्रयान 3 मिशन की सफलता पर उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी।उन्होंने मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर चुटकी ली कि साठ के हो गए इसलिए सठिया गए है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक बुधनी विधानसभा राजकुमार पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीहोर बलवीर सिंह तोमर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुरेश चन्द्र सेठी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवी सिंह थारोल,विक्रम मस्ताल शर्मा आदि शामिल रहे।

# जिला अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर की छत का प्लास्टर नर्सिंग ऑफिसर के सिर पर गिरा



**रायसेन, देशबन्धु।** जिला अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर की छत का प्लास्टर नर्र्सिंग ऑफिसर पर गिर गया जिससे उनके सर में चोट लगने घायल हो गई है। इस हादसे के बाद ऑपरेशन थियेटर में कार्य करने वाले चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। जिला अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर कक्ष परिसर में बुधवार को जर्जर छत का प्लास्टर नर्र्सिंग ऑफिसर ममता बाथरी पर गिर गया,जिससे नर्सिंग ऑफिसर के सिर में चोंट आई है, सिटी स्कैन किया गया। ओटी के स्टॉफ ने बताया कि आए दिन इसी तरह का हादसा होने का खतरा बना रहा है,लेकिन इसके बाद भी ओटी को नवीन भवन में शिफ्ट नहीं किया जा रहा है।

**पीआईयू की लापरवाही:** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी द्वारा अथक प्रयास किए जाने के पश्चात अस्पताल का नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है,लेकिन अभी भी नवीन भवन में कुछ छोटे छोटे कार्य बाकी रह गए है और उन कार्यों को किए जाने में में पीआईयू के अधिकारियों द्वारा मनमानी करते हुए लेटलतीफी की जा रही है,जिसकी वजह से जर्जर भवन में ओटी संचालित हो रही है,जिससे अस्पताल का स्टॉफ सहित मरीजों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।

### इनका कहना है

पीआईयू को नवीन भवन हैंड ओवर किए जाने के लिए कई वार पात्राचार किया जा चुका है,लेकिन नवीन भवन हैंडओवर नहीं किया है,जैसे ही नवीन भवन हैंड ओवर हो जाएगा वैसे ही ओटी को शिफ्ट कर दिया जाएगा।

**डॉ.विनोद सिंह परमार आरएमओ जिला अस्पताल रायसेन**

### भाजपा पर्यवेक्षक बृजभूषण का स्वागत

**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 के पर्यवेक्षक के रूप में विधायक प्रवास पर सिरोंज पहुचें उत्तर प्रदेश विधानसभा के चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह से अधिवक्ता संध के अध्यक्ष व भाजपा कानून एवं विधिक कार्य विभाग के प्रदेष सह संयोजक भाजपा नेता एडवोकेट कपिल त्यागी व एडवोकेट पीयूष चौरसिया एडवोकेट दीपेश राजपूत एडवोकेट अंकेश धाकड़ एडवोकेट सुरेंद्र रघुवंशी साथ पीडब्यूडी रेस्ट हाऊस पहुँचकर सौंजन्य भेंट कर विधायक श्री सिंह का शॉल श्रीफल से स्वागत किया।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अगस्त माह में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें बुधवार को महाविद्यालय के एनएसएस एनसीसी एवं स्पोर्ट्स के छात्र छात्राओं तथा समस्त स्टाफ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली रैली। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर छतरी नाका चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में विद्यार्थी बैनर एवं तख्ती लिए हुए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगा रहे थे। छतरी नाका चौराहे पर लाइन बद्ध होकर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। आते जाते राहगीर एवं आसपास के दुकानदार बड़ी उत्सुकता के साथ रैली को देख रहे थे। उत्साह बढ़ाने के लिए रैली के साथ पूरा स्टाफ चल रहा था।

मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व क्रीडा अधिकारी डॉक्टर वसीम उल्ला खान एनसीसी प्रभारी महेश भाबोर एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद्र परमार कर रहे थे। रैली में स्टाफकी ओर से आर के वाखला अनामिका ठाकुर रितु बघेल दीपक सोलंकी रूबी ताम्रकार निधि मसीह अभिषेक चौहान संघ प्रिय गौतमए रजनी चौहान संजय वर्मा चमका गेहलोद वर्षा पटेल शिवकुमार यादव भगवत सिंह पाल समृथ निनामा विभा श्रीवास्तव जुगराज जाटव आनंद कुमार यादव राहुल गौड साकिर खान लोकेश टोपिया भुवनलाल टांडेकर सैयद उरूज अहमद किरण बंसीवाल अजय कुमार चौधरी मनोज जैन शबाना परवीन नारायण दास साहू अवधेश पांडे नरेंद्र दांगी वीरेंद्र सेन क्रांति चौधरी शिवचरण पंथी लखन यादव सुदीप सुमन का विशेष सहयोग रहा। रैली में सहभागिता के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने स्टाफएवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

### पटवारी गएं सामूहिक अवकाश पर

**सिरोंज, देशबन्धु।** पटवारी संघ के आव्हान पर पटवारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों व ग्रेड पे 2800 करने की मांग को लेकर गत एक दिन पूर्व तहसीलदार को सामूहिक रूप से अवकाश पर जाने की सूचना दी गयी थी। बुधवार से पटवारी तीन दिन के 25 अगस्त तक सामूहिक अवकाश पर चले गए। पटवारियों ने बताया कि लगातार शासन से हमारी मांगों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है मगर अभी तक मांगे नहीं मानी गई। शासन मांगे नहीं मानता है तो संघ के निर्देशानुसार आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। पटवारियों के अवकाश पर जाने के कारण ग्रामीण छोटे छोटे कार्यो के लिऐ दिनभर परेशान रहे और आगामी दिनों में राजस्व संबधी कामकाज ठप्प रहने के आसार है।

### साइबर सेल की टीम ने ठगी के रुपए युवक को दिलाए

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ऑनलाइन पेमेंट के चक्कर में ठगी का शिकार हुए युवक को साइबर सेल की टीम ने अपने प्रयासों से अज्ञात कॉलर से एक लख रुपए की रकम वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि फरियादी रणवीर सिंह निवासी थाना सिविल लाइन मुरैना द्वारा जिला सायबर सेल में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके द्वारा एक कटर खरीदने के लिए राजस्थान संपर्क किया गया था। उस दुकानदार का नंबर डायल करते समय हुई त्रुटि का अज्ञात कॉलर द्वारा फायदा उठाकर अपने आपको कटर दुकान का मालिक बताकर 1 लाख रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए, जब फरियादी अपना कटर लेने दुकान पर राजस्थान पंहुचा, तब असल दुकानदार द्वारा फरियादी को बताया गया कि उसे कोई भी धनराशि फरियादी की तरफ से प्राप्त नहीं हुई है, तब फरियादी को ज्ञात हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। उक्त क्रम में सायबर सेल मुरैना द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अज्ञात कॉलर के खाते में रुपये होल्ड कराकर फरियादी को उसके 1 लाख रुपये वापस कराये गए। उक्त कार्यवाही में प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक अभिषेक जादौन, उप निरीक्षक विवेक शर्मा प्र. आर. सुदेश कुमार, आर. राहुल सिंह राजावत, रवि कुशवाह, रामकिशन जादौन, कुलदीप सिंह भदौरिया, प्रशांत शर्मा एवं शैलेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के जौरा थाना क्षेत्र के भवनपुरा गांव में एक वर्ष पूर्व घरेलू रंजिश के चलते पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पन 32 वर्ष को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जौरा मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धारा 302 भारतीय दण्ड विधान के अंतर्गत सश्रम आजीवन कारावास तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना का दंडादेश पारित किया है। अभियोजन की ओर से पक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया है। अभियोजन के अनुसार 11 मार्च 2022 की सुबह 9-15 बजे मृतक राजकुमार सिंह ग्राम भवनपुरा में मकान बनवा रहे थे, तब आरोपी पुत्र योगेन्द्र सिंह आया तथा आपसी घर की रंजिश को लेकर पिता मृतक राजकुमार सिंह को गंदी-गंदी गालियां देने लगा, गालियां देने से मना किया तो आरोपी योगेन्द्र सिंह ने कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से राजकुमार सिंह के सिर में, गले में, हाथ में दो जगह मारी, एक दाहिनी पैर की पिंडलियां पर सहित कई घातक प्रहार किए। घटना के समय मृतक के अन्य पुत्र सत्यम सिंह तथा आशीष ने आकर अपने पिता को बचाया और मुरैना जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट सत्यम सिंह द्वारा जौरा थाने में दर्ज कराई गई, जिस पर से पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था।

### कमलनाथ की जनाक्रोश रैली की तैयारी अंतिम चरण में

**मुरैना, देशबन्धु।** 25 अगस्त को पचासा मैदान अंबाह में होने जा रही प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की विशाल जन आक्रोश रैली को सफल बनाने की तैयारी में कांग्रेस जुट गई है। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरने एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पांच बड़ी सौगातों जैसे 500 रूपए में घरेलू गैस सिलेंडर दिया जावेगा, प्रत्येक महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे, किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे, 100 यूनिट बिजली फ्री व 200 यूनिट बिजली हाफ एवं पुरानी पेंशन योजना लागू की जावेगी आदि योजनाओं की सौगात देने जन आक्रोश रैली को संबोधित करने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमलनाथ उपस्थित रहेंगे।

### समाजसेवी महेश श्रीवास्तव का निधन



**रायसेन, देशबन्धु।** समाजसेवी और श्री हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष 65 वर्षीय समाज सेवक महेश श्रीवास्तव का बुधवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर छा गई। शहर के सभी समाजों के नागरिकों ने उनके निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि वरिष्ठ समाजसेवी महेश श्रीवास्तव पिछले कई वर्षों से तहसील कार्यालय और पंजीयन कार्यालय के लिए दस्तावेज लेखन का कार्य करते थे उनकी छवि एक बेहतर दस्तावेज लेखक के रूप में स्थापित थी जिनका हजारों लोगों से संपर्क था नगर में होने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में सहयोग की भावना के साथ वह काम करते थे। सभी जाति विशेष के लोगों में उनका अलग ही महत्व था। उनके निधन पर नागरिकों ने गहरा दुख से व्यक्त किया है एवं इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# जैन समाज ने निकाला चल समारोह

**सिरोंज, देशबन्धु।** जैन समाज के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ भगवान का निर्वाण एंव मोक्ष कल्याणक महोत्सव जैन बड़ा मंदिर में धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: 7 बजे से नित्य अभिषेक शांतिधारा व पारसनाथ भगवान की पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। तत्पश्चात श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की मूलनायक प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजमान कर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के चांदनी चौक राज बाजार कोट गेट नगर पालिका हाजीपुर जैन मंदिर लिंक रोड छत्री नाका चौराहा कष्टम पथ कठाली बाजार होते हुए घेतल गली में स्थित श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर में पहुचकर समापन हुआ। जहां श्री जी के अभिषेक की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर जैन बडें मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन भूपत जितेन्द्र जैन बब्लू मनीष जैन पवन जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने जगह.जगह उतारी भगवान की आरती चल समारोह में अग्रिम पंक्ति में बच्चे जैन ध्वज लिए चल रहे थे। इसके बाद दिव्य देशना महिला मंडल और महिला परिषद की सदस्य अपनी गणवेश में चल रहीं थीं। साथ ही इनके पीछे श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल का दिव्य घोष बादन चल रहा था। तो वही जैन समाज के महिला एवं पुरुष हाथ में जैन धर्म की ध्वजा लिए चल रहे थे। चल समारोह के दौरान चांदी की पालकी में विराजमान भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ स्वामी की जगह.जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। साथ ही जैन समाज की सभी महिला व पुरुष ने अपने घर के दरवाजो पर विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई। रात्रि में दिव्य देशना महिला मंडल महिला परिषद निर्णय सागर पाठशाला व ज्ञान सागर पाठशाला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के लिए लाड़ली बहनों से एकत्रित की राखी



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के निर्देशानुसार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रितु जैन के द्वारा पूरे सीहोर जिले में लाड़ली बहनों द्वारा प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के लिए राखी एकत्रित कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर में भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता लखेरा द्वारा पूरे नगर से राखी पर्व पर लाड़ली बहनों के लाड़ले भैया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिन्होंने अनेकों सोगतें दी है उनके लिए राखी और पाती एकत्रित करके भेजी है। राखी और मुख्यमंत्री के लिए पत्र एकत्रित करने के लिए साथ में नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना, वार्ड 3 की पार्षद रितु परिहार, वार्ड 12 पार्षद इंदु मालवीय, वार्ड 7 पार्षद नीता अग्रवाल, महिला मोर्चा से संगीता अग्रवाल, सुनीता पंवार उपस्थित रही। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता लखेरा ने बताया कि बहनों ने पाती में मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की और लिखा कि आगे भी आप ही हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और हम बहनों के संबल बने। रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों द्वारा मुख्यमंत्री को 27 अगस्त को राखी भेजी जाएगी। इस अभियान में नगर की मुस्लिम महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए राखी भेजी एवं पत्र लिखा।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** संत तुलसीदास भगवान श्री राम के प्रति की गई महान भक्ती के लिए ही प्रसिद्ध है।रामचरितमानस तुलसीदास की सबसे प्रमुख और लोकप्रिय कृति है। उक्तवात बुधवार को मानस भवन की द्वितीय मंजिल पर रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित तुलसी जयंती के अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह ने तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहीं

उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की भी रचना की थी जो सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली चालीसा है।सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। इस बार तुलसीदास जी की 526वीं जयंतीहै। रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मदन मोहन तिवारी ने कहा कि तुलसीदास ने अपने जीवन काल में रामभक्ति में लीन रहकर अनेकों रचनाएं की जिसमें से रामचरितमानस सबसे प्रसिद्ध कृति है।प्रसिद्ध तुलसी घाट का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया है। तुलसीदास द्वारा लिखा गया महाकाव्य श्रीरामचरितमानस को विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय काव्यों में 46वां स्थान प्राप्त है। कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कर विधि विधान से पंडित अशोक दुबे द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, श्री रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी, कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण खंडेलवाल, सचिव सुरेश कुमार तनवानी, उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल एचपी, पूर्व कोषाध्यक्ष बृज किशोर सुहाने, दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के संचालक योगेश शाह, सदस्य गण तुलसीराम नामदेव, हरी बाबू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### अमृत महोत्सवः आदिवासी समाज ने पूरे जिले में लगाए एक हजार पौधे



**सारनी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वाधान में पर्यावरण अमृत महोत्सव के तहत पौधे लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें संपूर्ण जिले में एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। जिसके तहत अलग अलग स्थान पर पौधे लगा रहे है।बुधवार को इसी के तहत शासकीय प्राथमिक शाला गुढी स्कूल परिसर में शिक्षकों एवं बच्चों से पौधे लगवाए गए पौधे छायादार एवं फलदार लगाए गए इस अवसर पर योगेश धुर्वे जिला संगठन मंत्री,सुनील सरियम जिला सचिव,शंकर अहाके आकास जिला अध्यक्ष शिक्षक योगेश डोंगरे शिक्षक,बीजू चढोकर शिक्षक उपस्थित रहे।

### गौवंश से भरा वाहन पकड़ाया

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम बरखेड़ के पास बुधवार 5 बजे बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने एक इनोवा कार पकड़ी। जिसमें 7 गायों को कत्लखाने ले जाया जा रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जब गाड़ी का पीछा किया तो तस्करी करने वाले तस्कर कार मौके पर छोड़कर भाग गए हैं। गोवंश को मुलताई थाने लाया गया। जहां से उन्हें सुरक्षित उभारिया गौशाला भिजवाया दिया गया। 7 गोवंश को पकड़ने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता ऋषि साहू और महेंद्र साहू ने बताया कि उन्हें छिंदवाड़ा के राष्ट्रीय हिन्दू सेना के साथियों से सूचना मिली थी कि इनोवा कार से गौवंश की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ सुबह 5 बजे बरखेड़ पहुंच गए। उन्हें कार आती दिखाई दी, जब उन्होंने बाइक से इस कार का पीछा किया तो कार से दो लोग उतरकर भाग गए। कार के पीछे का दरवाजा खोलकर देखा तो कर में 7 गौवंश को क्रूरता पूर्वक भर कर रखा गया था। जिन्हें मुलताई थाने लाया गया। यहां पर मामला दर्ज कर, गौवंश को उभारिया की गौशाला भिजवाया गया।

### दुष्कर्म के आरोपी पर मामला दर्ज

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही थाना क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी 15 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 16 मार्च को ग्राम सुसादेही की चोखा नदी के पास भीम पिता माखन यादव निवासी ग्राम सुसादेही ने 15 वर्षीय बालिका को डरा धमका कर दुष्कर्म किया था। साथ ही दुष्कर्म की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने मंगलवार को भीम यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी भीम यादव के खिलाफ धारा 376 (3),376(2),(च),506 और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज किया है।

# पवित्र नगरी में लहराया जिले का सबसे ऊंचा 101 फिट का तिरंगा

▶ इस यादगार पल के गवाह बने हजारों नगरवासी, युवा समाजसेवी लोकेश गीदकर ने स्वयं के खर्च पर किया है निर्माण





**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी में बस स्टैंड पर जिले का सबसे ऊंचा 101 फीट का तिरंगा बुधवार सुबह 10 बजे फहराया गया। युवा समाजसेवी लोकेश गीदकर द्वारा यह सौगात नगर और जिले वासियों को दी गई। शहीद मनोज चौरे के माता पिता, भूतपूर्व सैनिकों के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर, तिरंगा आचार संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा के साथ फहराया गया। इस तरह से जिले के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण संपन्न हुआ।

नगर के हजारों नागरिक इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीद के परिजन, पूर्व सैनिक संघ के सैनिक एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने पूरी गरिमा के साथ इस ध्वजारोहण पल को यादगार बनाने में अपनी महती भूमिका निभाई। जैसे ही ध्वज अपनी निर्धारित ऊंचाई पर पहुंचकर लहराया संपूर्ण क्षेत्र मां भारती एवं राष्ट्रीय ध्वज के जयकारों से गूंज उठा। ध्वज का निर्माण लोकेश गीदकर द्वारा स्वयं के व्यय पर कराया गया है। बीते एक माह से इसकी निर्माण प्रक्रिया चल रही थी। लंबे इंतजार के बाद बुधवार तिरंगा शान से आकाश में लहराने लगा।

लोकेश गीदकर ने कहा कि मां ताप्ती की पवित्र नगरी में जन्मा हूं उसका कुछ ना कुछ कर्ज मुझ पर है किसी न किसी रूप में मुझे देना है, हम राष्ट्र से लेना तो जानते हैं, लेकिन देना नहीं। हम सबको ऐसे जिम्मेदार नागरिक बनना है जो राष्ट्र को देने का साहस रखें। उन्होंने कहा कि तिरंगा हवाओं से नहीं, शहीदों के बलिदान से लहराता है, जिन्होंने अपने देश के लिए प्राणों की आहुति दी है। अभी हमने जिले में सबसे ऊंचा ध्वज लगाया है, आने वाले समय में प्रदेश और देश स्तर की बड़ी उपलब्धियां मुलताई विधानसभा में लाएंगे।

**ध्वज लगाने की अनुमति के लिए युवाओं ने किया था आंदोलनः** बस स्टैंड पर लगा जिले का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज अब नगर के गौरव के रूप में देखा जा रहा है। इस राष्ट्रीय ध्वज को फहरता हुआ देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड पहुंचे और इस पल के गवाह बने, नगर वासी इसे नगर के लिए बड़ी उपलब्धि मानते हैं किंतु यह सब आसान नहीं था। कुछ लोगों ने अड़ंगा लगाकर इसका निर्माण भी रोकना चाहा। प्रशासन ने ध्वज के लिए खोदे गड्ढे को भर दिया और कार्य पर रोक भी लगा दी थी। जिसके बाद युवाओं को चरणबद्ध आंदोलन करना पड़ा। जिले का सबसे बड़ा ध्वज लगाने के लिए नगर के सभी सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर ध्वज लगाने की अनुमति देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाना पड़ा, सद्बुद्धि यज्ञ करना पड़ा, आवेदन और निवेदन के उपरांत आखिरकार अधिकारियों ने इसकी स्वीकृति प्रदान की और बुधवार वह शुभ दिन आया जब तिरंगा आकाश में लहराने लगा।

### तिरंगा देख युवाओं में पैदा होगा देशभक्ति का जज्बा : पांसे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक सुखदेव पांसे ने कहा कि नगर के सौंदरीयकर्ण और विकास के लिए लोकेश का प्रयास सराहनीय है। इससे नगर के युवाओं में देश भक्ति का जज्बा पैदा होगा।

# हायर सेकेंडरी के मेधावी विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क स्कूटी

▶ सांसद उईके सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम




**बैतूल, देशबन्धु।** ई- स्कूटी मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत शासकीय जयंती अक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दुर्गादास उइके, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत सदस्य जगन धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल सिंह कुशवाहा, डीपीसी श्री संजीव श्रीवास्तव, एपीसी सुबोध शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सांसद डीडी उईके ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ सफलता प्राप्त करने के लिए कई टिप्स बताए। इसके अलावा जीवन में कामयाबी के शिखर पर कैसे पहुंचे, अपने प्रेरक संबोधन में यह बात उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को बताई। कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रासंगिकता को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा जिले में निःशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम में 247 छात्रों को स्कूटी वितरित की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान शहडोल मध्यप्रदेश में प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण सदन में उपस्थित सभी नागरिकों के द्वारा श्रवण किया गया। तत्पश्चात प्रतीकात्मक स्वरूप चार छात्रों को ई-स्कूटी की चाबियां छात्र एवं छात्राओं को उनके अभिभावक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में वितरित की गई। अंत में वरिष्ठ लेखा अधिकारी गणेश सोनी के द्वारा कार्यक्रम की सफलता एवं सहयोग के लिए सभी जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री आज सारनी में जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे



**सारनी, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 24 अगस्त को अपरान्ह 3.45 बजे सारनी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री चौहान यहां सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की नवीन इकाई का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी इस दौरान उनके द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका, साड़ी एवं पानी की बोतल वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा शाम को मोरडोंगरी में चौपाल आयोजित कर ग्रामवासियों से संवाद भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान रात्रि विश्राम सारनी में करेंगे।

### घोड़ाडोगरी में नासिक के विधायक ने ली बैठक



**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर एक बैठक का आयोजन घोड़ाडोंगरी मंडल में आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर विधायक प्रवास पर पुणे के विधायक सिद्दार्थ सिरोले घोड़ाडोगरी पधारे।विधानसभा चुनाव को लेकर अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई तथा मार्गदर्शन दिए जिसमे मुख्यरूप से पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उईके,पूर्व विधायक मंगल सिंग धुर्वे,पूर्व विधायक गीता उईके, महिला आयोग की पूर्व सदस्य गंगा उइके,भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश महतो, दीपक उइके,राजेंद्र मालवीय,प्रशांत गावनडे,उर्मिला तिवारी,मुकेश यादव,मधु यादव,विवेक मवासे,नीलेश बारसे,सिद्धार्थ बिहारे, इन्दल यादव,बीजालाल धुव्रे,नरेंद्र उइके, विस्तारक नामदेव, विशाल बत्रा,जगन्नाथ यादव,भगवानदास सिनोदिया मंडल क्षेत्र के सरपंच, पार्षदगण,बूथ अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति महिला कार्यकर्ता, एवं युवा कार्यकर्ता सहित मण्डल के समस्त कार्यकर्तागण अधिक संख्या मे बैठक में उपस्थित रहे।

# जामा मज्जिद के पास की भूमि का फिर उठा मुद्दा, एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में स्थित जामा मस्जिद के पास की जमीन का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आया जब लोगों ने इस संबंध में ज्ञापन एसडीएम को सौपा और इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को जांच करने के आदेश जारी किए। सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जामा मस्जिद पश्चिम में डॉक्टर भार्गव की कॉलोनी के रहवासियों एवं जमा मस्जिद के नमाजियों के आने-जाने के रास्ते पर जबरदस्ती जुबेर एवं अन्य द्वारा अतिक्रमण कर टीन शेड की फेंसिंग कर दी गई। जिसे लेकर रहवासी एवं नमाजियों में काफी रोष व्याप्त है। आवेदन में रहवासी एवं नमाजीयों ने बताया कि कॉलोनी वालों का पूर्व में वर्षों से आना-जाना रहा है आने जाने का एकमात्र रास्ता मस्जिद की पश्चिम की ओर से ही है जो की जबरदस्ती कर टीन शेड की फेंसिंग करवा के बंद कर दिया गया है। जिससे रहवासियों एवं नमाजियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागी अधिकारी मुलताई द्वारा तहसीलदार मुलताई को जांच के आदेश दिए गए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में मस्जिद की जमीन एवं रास्ते को लेकर विवाद हो चुका है। मस्जिद की पश्चिम स्थित जमीन का तत्कालीन तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में सीमांकन किया गया था। जमीन पर काबीज दुकानदारों एवं अन्य नमाजियों द्वारा इसका विरोध किया गया था। उस जमीन पर काबिज दुकानदारों एवं नमाजियों द्वारा बताया गया था कि बगैर राजस्व नोटिस के कब्जा बलपूर्वक खाली करवाया जा रहा है एवं दुकानदारों एवं नमाजी पर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए धारा 151 की कार्रवाई की गई थी।

इधर अनावेदक जुबेर का कहना है कि भूमि पहले मस्जिद की भूमि बताई जा रही थी अब इसे रास्ता बताया जा रहा है जबकि यह मेरे द्वारा खरीदी गई भूमि है जिस पर मैंने अपना कब्ज कब्ज किया है।

## निजी भूमि पर सड़क निर्माण का आरोप, थाने में की शिकायत



**बैतूल, देशबन्धु।** अपनी निजी जमीन पर किसी व्यक्ति द्वारा सड़क निर्माण किए जाने की सूचना मिलने पर महिला ने इस बात का विरोध जताते हुए कोतवाली थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आवेदिका मन्जुलता ठाकुर उम्र 35 वर्ष पति मनीष ठाकुर जाति रघुवंशी ने बताया कि 1 फरवरी 2014 को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख से पुस्तक क अ ग्रन्थ 4535 में पृष्ठ क्रमांक 46 / 51 पर क्रमांक 1579 के आधार पर 0.189 है, में से 2000 वर्गफुट कि रजिस्ट्री की बाकि शेष बचे रकबे को एग्रीमेंट के आधार पर स्वामित्व प्राप्त कर कब्जा लिया है। तथा शेष बचे रकबे की रजिस्ट्री विभिन्न क्रेतागणो को सीधे विक्रता से करवा दिये। उक्त भूमि पर आने जाने के लिये रास्ता खसरा नं 216/3 कुल रकबा 0.189 हे. में से ही दिया गया है। यह रास्ता आवेदिका महिला के स्वामित्व की जमीन से उस जमीन का उपयोग करने वाले लोगों की सुविधा के लिये ही आवेदक द्वारा बनाया गया है। जिसका उपयोग उक्त खसरा नम्बर 216/3 के लिये सीमित है लेकिन कुछ कालोनी वाले उक्त खसरा नम्बर 216/3 में बने रास्ते का उपयोग अवैध रूप से बिना किसी अनुमति के कर रहे है। जिससे उक्त रास्ते में बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण सम्भावना है। खसरा नं 216 / 3 के स्वामित्व रखने वाले व्यक्तियों को मुझे आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# दस्तक अभियान में 85 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग हुई

**बैतूल, देशबन्धु।** शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में दस्तक अभियान का प्रथम चरण 18 जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत 17 अगस्त तक 0 से 5 वर्ष तक आनुपातिक 109874 बच्चों में से 93152 कुल 85 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमला में 91 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 95 प्रतिशत, बैतूल ग्रामीण 68 प्रतिशत, बैतूल शहरी 88 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में 75 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर में 93 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में 77 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में 84 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में 73 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में 106 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में 87 प्रतिशत है। अभियान के दौरान 71854 कुल 73 प्रतिशत बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच की गई जिसमें 744 अति कुपोषित बच्चों की पहचान की गई। लगभग 1109 ग्रामों में दस्तक अभियान गतिविधि आयोजित की जा चुकी है। अभियान 31 अगस्त तक निरंतर चलाया जा रहा है।

### विद्यार्थियों की ओलम्पियाड परीक्षा 25 को

**बैतूल, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा दूसरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक संजीव श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक शासकीय प्राथमिक शाला से कक्षा दूसरी से 5वीं तक के प्रत्येक कक्षा से 2-2 छात्रों का इस प्रकार एक शाला से कुल 8 छात्रों का पंजीयन तथा माध्यमिक शाला से दर्ज संख्या 1-20 तक पर 6 छात्र, 21-40 तक पर 8 छात्र, 41-80 तक पर 16 छात्र, 81-150 तक पर 18 छात्र, 151-500 तक पर 24 छात्र एवं 500 से अधिक पर 48 छात्रों का पंजीयन जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी के 3610, कक्षा तीसरी के 3678, कक्षा चौथी के 3685, कक्षा पांचवी के 3693 अतः कक्षा दूसरी से 5वीं के कुल 14666 तथा कक्षा 6वीं से 8वीं के 12007, इस प्रकार कक्षा दूसरी से 8वीं के कुल 26673 छात्र जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

### *पीआईसी बैठक में पारित हुई 10 प्रस्ताव*

# नपा के 2 सभापतियों ने पीआईसी से दिया इस्तीफा





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका में पार्षदों के बीच चल रही खींचतान और आवन जावन का खेल अभी पूरी तरीके से थमा नहीं है। बुधवार नगर पालिका सभाकक्ष में पीआईसी की बैठक रखी गई थी, इसमें दो सभापति एवं पार्षद नहीं पहुंचे। उनका मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम पीआईसी से इस्तीफा पहुंचा। नेहरू वार्ड के पार्षद एवं राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग के सभापति रितेश विश्वकर्मा, योजना यातायात परिवहन सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सभापति एवं पार्षद पंजाबराव चीकाने द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र भेजकर अपना इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया है। क्योंकि पीआईसी नगर पालिका अध्यक्ष की होती है सीएमओ ने अग्रिम कार्रवाई के लिए वह पत्र अध्यक्ष को भेज दिया है।

**पार्षदों के पीआईसी से इस्तीफे का क्या है मामलाः** मुलताई नगर पालिका कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के अदला बदली का सिलसिला नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव से प्रारंभ हुआ था। जब भाजपा के 9 पार्षद और कांग्रेस के 6 पार्षद चुने गए थे। भाजपा की ओर से वर्षा गडेकर ने अध्यक्ष का नामांकन दर्ज किया था। किंतु इसके साथ ही भाजपा पार्षद नीतू परमार ने भी अपना नामांकन भरा। नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस समर्थन से नीतू परमार को 9 मत प्राप्त हुए जिसमें 6 कांग्रेस और तीन भाजपा के मत शामिल होने की बात कही गई। नीतू परमार पीआईसी में पंजाब चीकाने और रितेश विश्वकर्मा को शामिल कर सभापति बनाया गया तो इस बात को और भी बल मिला। किंतु बीच में न्यायालय के फैसले के बाद जब पुनः चुनाव की सरगर्मी प्रारंभ हुई तो रितेश विश्वकर्मा और चीकाने के पुत्र ने भोपाल जाकर अपने आप को भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर दी। किंतु वह पीआईसी के मेंबर बने हुए थे। जिससे तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। किंतु अब जबकि दोनों पार्षदों ने पीआईसी से इस्तीफा दे दिया है अब माना जा रहा है, कि यह पार्षद भाजपा में ही रहेंगे। रितेश विश्वकर्मा ने कहा है कि जब से अध्यक्ष ने कांग्रेस का दामन थामा है। हमने पीआईसी की बैठक में भाग नहीं लिया और अब इसलिए इस्तीफा दे रहे हैं ।

इधर आज हुई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार की अध्यक्षता में पीआईसी बैठक में 12 प्रस्ताव रखे गए थे जिसमें से दो प्रस्ताव आगामी बैठक के लिए बढ़ा दिया गया। वहीं 10 महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### इनका कहना है

इस्तीफा मिला है इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

**नीतू परमार, अध्यक्ष नगर पालिका मुलताई**

पीआईसी नगर पालिका अध्यक्ष की होती है, पार्षदों को रखने या निकालने का अधिकार भी उन्हीं का होता है, इस्तीफा मिला हैं वह अध्यक्ष को भेज दिया है।

**आर के इवनाती**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

## सार समाचार

### कलेक्टर ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को अपने जन्म दिवस पर शासकीय हाई स्कूल ग्वालटोली में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आंवले का पौधा रोपा। इस दौरान उन्होंने शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चे जिन्हे कलेक्टर द्वारा स्वयं शाला में एडमिशन कराया गया था उनसे भेंट भी की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के संबंध में शाला प्रबंधन से भी चर्चा की और बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन के अलावा स्कूल प्राचार्य व स्टाफ उपस्थित है। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल किट का भी वितरण किया गया।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 26 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन 26 अगस्त को प्रात: 10 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया है। संयुक्त कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को निर्देशित किया है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### राज्य पात्रता परीक्षा के लिए नर्मदापुरम संभाग के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2022 का आयोजन जिला मुख्यालय पर 27 अगस्त को निर्धारित 8 केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से 03ः05 बजे तक की जाएगी। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदापुरम संभाग में परीक्षा के आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अलावा परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए सेवानिवृत्त न्यायिक सेवा एनसी नागराज को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### मारपीट करने वाले आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 25 मई 2016 को सुबह फरियादी गांव में अपना खेत बखरने के लिए अपने मां पिताजी के साथ गया था। उसी समय आरोपी शिवप्रसाद, सुनील अपने साथियों के साथ आये और बोले की जमीन क्यों बखर रहे हो और इसी बात को लेकर सभी ने गंदी-गंदी गालियां दी एवं कुल्हाडी से फरियादी को सिर, पीठ एवं पैर में मारा एवं आरोपीगण बोले की रिपोर्ट किया तो जान से खत्म कर देंगे। थाना बाबई में फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नर्मदापुरम के न्यायालय द्वारा आरोपी शिवप्रसाद एवं सुनील को धारा- 294, 323, 324, 506, 34 भादवि में 6 माह सश्रम कारावास एवं 2500 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार यादव द्वारा पैरवी की गई।

### अब बिजली विभाग में शिकायत के लिए इस नये नंबर पर करें संपर्क

**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय संचार निगम की लापरवाही से बिजली संबंधी शिकायतों में परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली संबंधी शिकायतों के लिए जो टेलीफोन है, वह लैंडलाइन नंबर कभी भी बंद हो जाता है। यही कारण है कि बिजली विभाग अब विभाग के दोनों लैंडलाइन नंबर 235086 एवं 230431 का संचालन बंद करके नया नंबर जारी किया है। अब उपभोक्ताओं को 7489771143 मोबाइल नंबर पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। विभाग के एई अखिलेश कनोजे ने बताया कि किसी भी प्रकार की अति आवश्यक सूचना अथवा कार्य जैसे कि एमपीईबी के ट्रांसफार्मर या लाइन पर आग लगना, तार टूटना, करंट, डीपी से पूरा क्षेत्र बंद संबंधित शिकायत एवं आकस्मिक सूचना हेतु अब नवीन मोबाइल नंबर 7489771143 पर कॉल कर जानकारी प्रदान कर सकते हैं ताकि समस्या का निराकरण किया जा सकें। इसके अलावा घर की लाइट हेतु हमारे टोल फ्री नंबर 1912 ही का प्रयोग करना होगा।

# जिले के 139 प्रतिभावान छात्र - छात्राओं को स्कूटी की सौगात



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत प्रदेश के 7800 हायर सेकेंडरी टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरित की। नर्मदापुरम जिले के भी 139 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्कूटी की सौगात मिली। स्कूटी पाकर बालक बालिकाएं बहुत खुश नजर आए और उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, संयुक्त संचालक शिक्षा अरविंद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर राजेश जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहडोल जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान के उद्बोधन को सभी अतिथियों एवं बच्चों ने देखा और सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्यमंत्री ई-स्कूटी योजना के तहत आवासीय खेल परिसर में आयोजित स्कूटी वितरण कार्यक्रम में आए अमित बामने, रितिका यादव, सलोनी बकोरिया, हर्षिता यादव, रानी यादव ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सहृदय धन्यवाद देते हुए कहा कि आज स्कूटी मिलने से हमारी पढ़ाई की राह आसान हुई है। अब हमे कॉलेज आने-जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नही होगी। न परिजनों को हमे छोड़ने जाना पड़ेगा और न ही कॉलेज जाने के लिए किसी बस या अन्य साधन की आवश्यकता होगी। अब हम स्वयं की अपनी स्कूटी से कॉलेज, कोचिंग आ-जा सकेंगे।

# कलेक्टर ने बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन, पौधरोपण भी किया



**इटारसी/नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आज कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने जन्मदिन के मौके पर पौधरोपण भी किया और बच्चों के साथ भोजन भी किया।

अपने जन्मदिन के अवसर पर कलेक्टर अपने परिवार के साथ मुस्कान बालिका गृह इटारसी आये। उन्होंने यहां मुस्कान बालिका गृह की बालिकाओं के साथ भोजन किया। इस दौरान इटारसी एसडीएम और तहसीलदार भी उपस्थित थीं।

## पौध रोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने अपने जन्म दिन पर शासकीय हाई स्कूल ग्वालटोली में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आंवले का पौधा रोपा। इस दौरान उन्होंने शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चे जिन्हें कलेक्टर श्री सिंह ने स्वयं शाला में एडमिशन कराया था, उनसे भेंट भी की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के संबंध में शाला प्रबंधन से भी चर्चा की और बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन, डिंपल खरवंदा, विनीत कुमार, संजय शर्मा, आशिफ, सिद्धार्थ नकाई, देवांग ठक्कर, जय मिश्रा, पीयूष चतुर्वेदी, लोकेश तिवारी, श्रीजीत सिंह ठाकुर, नरेंद्र पटेल, मुकेश अग्निहोत्री, सुनील रघुवंशी, दिगेंद्र सिंह राठौड़, स्कूल प्राचार्य व स्टाफ उपस्थित रहा। बच्चों को स्कूल किट का भी वितरण किया गया।

# चाणक्य चौक की स्थापना का स्मरण पत्र नगरपालिका अध्यक्ष चौरे को सौंपा



**इटारसी, देशबन्धु।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी गणों ने सभा के अध्यक्ष राजकुमार दुबे के नेतृत्व में एवं जिला सर्व ब्राह्मण ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेंद्र ओझा की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को स्मरण पत्र सौंप कर चाणक्य के नाम पर रेस्ट हाउस चौराहे की स्थापना शीघ्र करने की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने चर्चा के दौरान कहा कि नामाकरण की विभागीय कार्रवाई पूरी होने के साथ ही नगर पालिका परिषद द्वारा चाणक्य चौराहे की स्थापना शीघ्र कर दी जाएगी। सभा के प्रतिनिधि मंडल ने पंकज चौरे से सकारात्मक आश्वासन मिलने पर धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में जयंत शर्मा, मुकेश पाराशर, जुगल किशोर शर्मा, अनिरुद्ध चंसौरिया, शिवनारायण बुधोलिया, चंद्रकांत शर्मा, राजेश तिवारी, राजेंद्र दुबे, संतोष शर्मा की उपस्थिति रही।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 5 जोड़ी गाड़ियां रद्द, सोमनाथ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के भोपाल-इटारसी रेल खण्ड पर पवारखेड़ा एवं जुझारपुर केबिन फ्लाईओवर कार्य के चलते नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्णय लिया है। इस कार्य के दौरान इस मार्ग पर चलने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है।

## निरस्त की जाने वाली रेलगाड़ियां

23, 25, 26 एवं 27 अगस्त को गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-सिवनी पेंचवेली एक्सप्रेस तथा 24, 26, 27 एवं 28 अगस्त को गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति** - जबलपुर एक्सप्रेस 23 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12062 जबलपुर - रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस 24 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग**-भोपाल अमरकंटक ट्रेन 23 अगस्त से 26 अगस्त 2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक ट्रेन 24 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति**-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 24 अगस्त 2023 को एवं गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 अगस्त 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर**-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 25 अगस्त 2023 को एवं गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस - जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 अगस्त 2023 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## ये रेलगाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

अपने प्रारंभिक स्टेशन से 23, 24, 26 एवं 27 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुड़वारा-बीना-भोपाल होकर गन्तव्य को जाएगी। इसी प्रकार अपने प्रारंभिक स्टेशन से 23, 24 एवं 25 अगस्त को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11463 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा-जबलपुर तक आयेगी।

# गर्ल्स कॉलेज में देखा चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में चंद्रयान-3 की लैंडिंग की लाइव प्रसारण का आयोजन किया। इस अवसर को साक्षी बनाने हेतु महाविद्यालय में समस्ता प्राध्याण, कर्मचारी एवं छात्राओं को यूटयूब चैनल के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया।

कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में काफी उत्सुकता रही। भारतीय तिरंगा हाथ में रखकर महाविद्यालय की छात्राएं समय से पूर्व ही प्रसारण स्थल पर उपस्थित हुई। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का चंद्रयान-3 आज इतिहास रचने वाला है, यहं हर भारतीय के लिये गर्व का क्षण है। यह मिशन भारत को विकसित बनाने के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। भौतिक शास्त्र विभाग के डॉ. शिरीष परसाई ने बताया चंद्रयान-3 के उद्देश्य हैं कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित



एवं साफ्ट लैंडिंग कराना, रोवर को चंद्रमा पर भ्रमण का प्रदर्शन करना और यथास्थिति वैज्ञानिक प्रयोग करना। आपने लैंडर में उन्नत प्रौद्योगिकी तथा चंद्रमा पर लैंडिंग में होने वाली कठिनाईयो से संबंधित वैज्ञानिक तथ्यों से भी छात्राओं को परिचित कराया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने वैज्ञानिकों एवं समस्त देशवासियों को चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग के लिये बधाई दी।

## जमीन विवाद पर 2 पक्षों में झगड़ा, घर में घुसकर मारपीट

**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम जमानी में जमीनी विवाद पर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्षक के एक ग्रामीण के साथ घर में घुसकर मारपीट की है। शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पथरोटा पुलिस के अनुसार ग्राम जमानी में दिनेश यादव पिता रामस्वरूप 40 वर्ष के साथ तीन भाईयों मुकेश साहू पिता बाबूलाल, संदीप साहू पिता बाबूलाल और भोला साहू पिता बाबूलाल ने घर के भीतर घुसकर मारपीट की और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

राखी बाजार का नगरपालिका अध्यक्ष, सीएमओ ने किया निरीक्षण

# 80 दुकानें लगेंगी राखी बाजार में



- बस स्टेंड प्रतीक्षालय में देखा निर्माण कार्य
- स्वसहायता समूह की राखी की अलग से लगेगी दुकान

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने राखी के त्योहारी बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों की साइज देखे और दुकानदारों से बातचीत की।

नगर पालिका की राजस्व टीम ने नगरपालिका अध्यक्ष को बताया कि अब तक 56 दुकानों के लिए रसीद कट चुकी हैं। प्रति दुकान 600 रुपए की रसीद काटी जा रही है और टोटल रजिस्ट्रेशन 80 दुकानदारों के हुए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ ने राजस्व टीम को कहा कि यहां पर सारी व्यवस्थाएं देख लें, इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ने यातायात पुलिस को भी कहा है कि वह त्योहार तक बाजार में यातायात की व्यवस्था अच्छी बनाकर रखें। सड़कों पर यहां वहां खड़े न होने दें। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएमओ के साथ बस स्टैंड प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया। बस स्टैंड पर बीओटी मोड में प्रतीक्षालय का पुनर्निर्माण हो रहा है। यहां पर महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था के साथ ही टॉयलेट बनाए जा रहे हैं।

### एसएचजी की महिलाओं की अलग दुकान लगेगी

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की मंशा के अनुरूप नगरपालिका बाजार में स्व सहायता समूह की महिलाओं को होम मेड राखी बेचने के लिए एक दुकान उपलब्ध कराएगी।

### व्यवस्था सुधार के निर्देश दिये



**इटारसी, देश्शबन्धु।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज शहर के करीब एक दर्जन वार्डों का दौरा कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई जगह अव्यवस्था मिलने पर वार्ड मुकद्दम को इसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने गंदगी नहीं होने देने और सफाई व्यवस्था पर फोकस रखने के निर्देश दिये। सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने नाला मोहल्ला क्षेत्र, आसफाबाद, खेड़ा और बंगलिया क्षेत्र में निरीक्षण किया। श्रीमती मेहरा ने बताया कि कई जगह रोड पर निर्माण सामग्री मिली, जिनको हटवाने के निर्देश मुकद्दम को दिये हैं। जिनकी सामग्री है, उनको नोटिस देकर निर्माण सामग्री हटवायी जाए, यदि काम में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कचरा अड्डों से समय पर कचरा हटाने के निर्देश भी दिये।सीएमओ श्रीमती मेहरा ने वार्डों में पहुंचकर हाजिरी रजिस्टर चेक किये और कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कर्मचारियों की फर्जी हाजरी मिली तो वार्ड मुकद्दम जिम्मेदार होंगे। सीएमओ ने चुनावों के लिए निर्धारित बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह से शहर में सभी वार्डों में आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, किसी प्रकार की लापरवाही मिली तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक, आध्यात्मिक चेतना के जागरण की अनुपम पहल है स्नेह यात्रा

**इटारसी, देशबन्धु।** स्नेह यात्रा अपने सातवे दिवस में विकासखंड केसला के ग्राम टांगना पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पूज्य संत साध्वी डा. प्रज्ञा भारती और स्नेह यात्रा का स्वागत कलश यात्रा एवं ढोल बाजे के साथ किया। स्थानीय ग्राम देवी के मंदिर में व्यास गादी लगाकर दीदी को विराजमान किया और संपूर्ण ग्राम के 700 से अधिक लोगों ने प्रज्ञा भारती के आशीर्वचन वचन प्राप्त किए।



पूज्य संत ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमें भेदभाव और छोटे-बड़े के भाव को समाज से दूर करना है। हममें जब तक समानता का भाव नहीं आयेगा, तब तक हम अपने जीवन को आनंदित नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्नेह यात्रा आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना को जागृत करने की मध्यप्रदेश सरकार की एक अनुपम पहल है। जिस राज्य का मुखिया लोगों के कल्याण के विषय में सोचता और कुछ करता है उस राज्य में सभी ओर सुख, शांति, सौहार्द्र, भाईचारा, स्नेह और प्रेम का वातावरण निर्मित होता है और यही वातावरण लोगों को मानसिक सुख पहुंचाता है।

मानव भौतिक सुख के लिए जीवन भर संघर्ष करता है और जब इन सुखों को प्राप्त कर लेता है, तब मानसिक सुख की तलाश में भटकते रहता है। प्रभु की भक्ति से व्यक्ति को मानसिक और आत्मीय सुख की प्राप्ति होती है और यही मनुष्य का अंतिम लक्ष्य होता है। अत: ऐसे आयोजन कल्याण हेतु सही दिशा निर्धारण करने में हमारा मार्ग दर्शन करते हैं। स्नेह यात्रा के जिला समन्वयक अधिकारी पवन सहगल ने बताया कि विकासखंड केसला के ग्राम डोबी तालपुरा में रात्रि विश्राम के बाद स्नेह यात्रा आज ग्राम टांगना से प्रारंभ हुई तथा ग्राम पारछा, बांदरी मलोथर, डोबी तालपुरा होते हुये शाम 4 बजे सिवनी मालवा पहुंची तथा आज वहां भी 5 ग्रामों में स्नेह यात्रा भ्रमण किया।

स्नेह यात्रा में ग्राम डोबी तालपुरा में सामूहिक समरसता भोज का आयोजन किया गया जहां प्रज्ञा भारती का फूलमाला तथा ढोल बाजे व माला पहनाकर स्वागत किया। स्नेह यात्रा संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी म.प्र.जन अभियान परिषद के विकासखंड अधिकारी विवेक मालवीय, पुलिस विभाग व गायत्री परिवार, जन सेवा मित्र, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था से सुमन सिंह, मेंटर्स, के छात्रों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।